CMYK

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 23°C
तापमान

सेंसेक्स
79,595.59
24,167.25

सोना 1,01,000
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

मेरठ, बुधवार 23 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 327 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### विकसित भारत यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशनः सीतारमण

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**अमरेली।** गुजरात में अमरेली तालुका क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर गिरिया गांव के निकट सड़क पर अचानक एक निजी प्रशिक्षण विमान अपराह्न दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वहां आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। लेकिन हादसे में अहमदाबाद निवासी 19 से 20 साल के उम्र के पायलट अनिकेत महाजन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विमान में एक ही पायलट सवार था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पहलगाम में आतंकी तांडव, दो विदेशी समेत 29 पर्यटकों की मौत

## आतंकियों ने नाम पूछकर मारी गोली, 15 से ज्यादा घायल, शाह पहुंचे श्रीनगर

■ मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल

**पहलगाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 29 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल हैं। एक शख्स इजरायल और एक इटली का रहने वाला है। 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंच चुके हैं।

बताया जा रहा है कि कुल चार आतंकियों ने इस वारदात को अंजाम दिया, जिसमें से तीन पाकिस्तानी और एक लोकल कश्मीरी है। जब दोपहर को यह वारदात हुई तब सैलानी वहां घुड़सवारी कर रहे थे। तभी आतंकी वहां पहुंचे और उन्होंने पंजाबी में टूरिस्ट से उनका नाम पूछा। पहचान स्थापित होने के बाद लोगों को मौत के घाट उतारा गया। इस दौरान करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। सूत्रों के मुताबिक मरने वालों में अधिकांश पुरुष हैं। अनंतनाग जिले के बैसरन घाटी के ऊपरी इलाकों में टूरिस्ट घूम रहे थे, तभी अचानक उन पर गोलीबारी कर दी गई। गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम पहुंचने से पहले आईबी चीफ, जम्मू-कश्मीर के डीजी और सेना व सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ एक हाई-लेवल मीटिंग भी की। पीएम मोदी इस मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपलब्ध रहे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला भी इस घटना को लेकर काफी गंभीर हैं। वह भी पहलगाम पहुंच गए हैं।बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा अधिकारी सहित जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज कुमार सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मौजूद रहे। खुफिया सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक आतंकी टूरिस्ट के बड़े ग्रुप को टारगेट करने की फिराक में थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आतंकी फरार हो गए। सुनियोजित तरीके से टूरिस्ट को निशाना बनाया गया। गर्मियों के इस सीजन में घाटी में टूरिस्ट की संख्या काफी ज्यादा बढ़ जाती है। टूरिस्ट को निशाना बनाकर आतंकी जम्मू-कश्मीर में सैलानियों के प्रवेश को रोकना चाहते हैं।



### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

### राहुल ने की हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

# UPSC नतीजों में शक्ति दुबे अव्वल

## हर्षिता गोयल दूसरे व अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सुश्री शक्ति दुबे ने प्रथम और सुश्री हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि श्री डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे।

आयोग ने मंगलवार को परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं और दो पुरुष हैं। परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिला) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। इनमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 180, भारतीय विदेश सेवा के लिए 55, भारतीय पुलिस सेवा के लिए 147 , सेन्ट्रल सर्विस ग्रुप ए के लिए 605 और ग्रुप बी के लिए 142 उम्मीदवार चुने गए हैं। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाए गए।



### नेशनल हेराल्ड की लूट वाला बैग लिए दिखीं बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** वन नेशन-वन इलेक्शन पर जाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। मीटिंग में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज नेशनल हेराल्ड की लूट लिखा बैग लेकर पहुंचीं। स्वराज ने कांग्रेस पार्टी पर गलत काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहली बार है जब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ-मीडिया में भ्रष्टाचार हुआ है। दरअसल, 15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सैम पित्रोदा के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। 25 अप्रैल को सुनवाई है। इससे पहले 10 दिसम्बर को प्रियंका गांधी संसद में पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने बैग लेकर पहुंची थीं। वे गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुई थीं। बैग के जरिये विरोध करने को लेकर प्रियंका गांधी भी पीछे नही हैं। वह कई बार अलग-अलग बैग के साथ नजर आ चुकी हैं।

# रामदेव का शरबत पर बयान माफी लायक नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उस वीडियो पर नाराजगी जताई, जिसमें बाबा रामदेव ने शरबत जिहाद शब्द का इस्तेमाल किया था। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह बयान माफी लायक नहीं है। इसने कोर्ट की अंतरआत्मा झकझोर दी।

कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के फाउंडर रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी वीडियो हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गई हैं। कोर्ट ने रामदेव को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।



■ कहा: अपने विचार अपने तक रखें, बयान ने अंतरआत्मा झकझोर दी, रामदेव हटाएंगे सारे वीडियो



with you hamesha
xmart
*Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

SHREE SHYAM JI AUOTMOTIVE — MEERUT 7428594673 7302255500 · BAGHPAT 7428594673
JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD. — MEERUT 9711831908 8929469900 · MAWANA 9711831908 · SARDHANA 9711831908
A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD. — MUZAFFARNAGAR 7617595008 8392954021 · SHAMLI 7617595008
SHIVA AUTOCORP — BULANDSHAHAR 7617595010 8929088709
TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD. — BIJNOR 7617595014 · SAHARANPUR 7617595014 · GAJRAULA 7617595014 · DHAMPUR 7617595014 · DEOBAND 7617595014 · GANGOH 7617595014

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश सरकार ने जातिवाद को दिया बढ़ावा: सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता अमीक जामेई ने उत्तर प्रदेश सरकार पर जातिवाद और पुलिस बल में पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस विभाग में जातीय संतुलन नहीं है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल अपनी जाति के अधिकारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। जामेई ने कहा कि डाइवर्सिटी इंडेक्स में यह स्पष्ट दिखता है कि दलित, पिछड़े और मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व नगण्य है। चाहे वह थानेदार की नियुक्ति हो या कप्तान और डीएम की पोस्टिंग, सभी में एक खास जाति को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दलित और मुस्लिम अधिकारियों को पुलिस अकादमी में भेजकर नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें जिम्मेदारियों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री उन अधिकारियों पर भरोसा नहीं करते, जो दलित या पिछड़ी जातियों से आते हैं। डीजीपी भी मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार ही काम कर रहे हैं, वे चाहें भी तो कोई स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकते।

### आनंद बोस को निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस को मंगलवार को आगे के इलाज के लिए सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल से एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। श्री बोस को सोमवार को सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल में भर्ती किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि श्री बोस की हालत स्थिर है। आगे के इलाज की आवश्यकता है क्योंकि प्रारंभिक परीक्षणों से उनके हृदय में तीन जगह ब्लॉकेज का पता चला है। सूत्रों ने कहा कि श्री बोस को ईएम बाईपास पर अपोलो ग्लेनेगल्स अस्पताल में आज सुबह स्थानांतरित किया गया। सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल को निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने को कहा है जो निजी अस्पताल में किए जाएंगे।'' उन्होंने बताया कि श्री बोस को आईसीयू में ले जाया गया और दक्षिण कोलकाता के कमांड अस्पताल में उनके दर्द को कम करने के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया जहां चिकित्सा परीक्षणों से उनके हृदय में तीन रुकावटों का पता चला।

### अमेठी में प्रेम प्रसंग में दलित की हत्या

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जामो क्षेत्र में छेड़छाड़ के आरोपी दलित युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जामो थाना क्षेत्र के पूरे अलपसिंह कल्याणपुर निवासी शिवम कोरी (30) की सोमवार देर शाम गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा जगन्नाथ के अनुसार शिवम का गांव के मानसिंह के बेटी से अवैध संबंध था, जिसे लेकर मानसिंह और उनके साथियों ने शिवम को काफी दिनों से प्रताड़ित कर रहे थे। जगन्नाथ ने कुछ दिन पूर्व ही गांव के मानसिंह व अन्य लोगों शिवम को मारा पीटा था। उसके बाद शिवम के खिलाफ थाने में छेड़ छाड़ का मुकदमा दर्ज करवा कर उसे जेल भिजवा दिया था। हाल में ही शिवम जेल से जमानत पर घर आया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। एहतियात के तौर पर कई थानों की पुलिस मौके पर लगा दी गई है।

## वक्फ के खिलाफ प्रदर्शन में बोले आरजेडी नेता मनोज झा

# ये मुसलमानों की ही नहीं, पूरे देश की लड़ाई

**नई दिल्ली, वार्ता**

**वक्फ** एक्ट के खिलाफ देशभर के कई संगठनों की ओर से लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से आयोजित वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कार्यक्रम में कई राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता मनोज झा ने कहा कि ये सियासी झंडों की लड़ाई नहीं है, ये मुसलमानो की नहीं, बल्कि पूरे हिंदुस्तान की लड़ाई है।

मनोज झा ने कहा कि ये सियासी झंडों की लड़ाई नहीं है। आपका सभी लोगों का गुस्सा वाजिब है, हम हिंद.ुओं को मुसलमानों को रोजाना देखने की आदत है, इसी तरह मुसलमानो को भी हिंदुओं को देखने की आदत है। मनोज झा ने कहा कि जो हमारे साथ नहीं हैं, वो जुल्मियों के साथ हैं। इन्होंने देश को पंक्चर कर दिया, आज देश की इकोनॉमी पंक्चर है। हम हवा भरना जानते हैं और हवा टाइट करना भी जानते हैं। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि ताकत को ताबूत बनते देर नहीं लगती। जो महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, अब्दुल कलाम साहब की सोच थी, उसी सोच पर देश का पंक्चर ठीक होगा।

### हम हवा भरना जानते हैं, टाइट करना भी



जो हमारे साथ नहीं हैं, वो जुल्मियों के साथ हैं। इन्होंने देश को पंक्चर कर दिया, आज देश की इकोनॉमी पंक्चर है: आरजेडी



सपा लगातार वक्फ बिल को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोल रही: धर्मेंद्र यादव

### मुस्लिम वोटों की खेती कर रहीं ममता: बीजेपी

**गोरखपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने गोरखपुर में वक्फ एक्ट पर बैठक में कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मुस्लिम वोटों की खेती कर रही हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विरोध हो नहीं रहा है, बल्कि यह कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार का शासन कागज पर चल रहा है। उनके हाथ में 30 परसेंट मुसलमान के सिवा वोट नहीं बचा है। बीजेपी नेता ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को मुस्लिम गुंडों से भरी पार्टी बताया है। राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास गोरखपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित बीजेपी कार्यालय पर वक्फ अधिनियम बिल को लेकर बैठक करने पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने वक्फ पर सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते कांग्रेस पर भी निशाना साधा। वक्फ बिल में किए गए प्रावधान हर गरीब मुसलमान के हित में है।

### वक्फ की जमीन बीजेपी को ये बर्दाश्त नहीं: सपा

**नई दिल्ली।** सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा है कि बीजेपी को वक्फ की जमीन बर्दाश्त नहीं है। इसीलिए वह ऐसा बिल लेकर आई है, ताकि वक्फ की जमीन पर कब्जा कर सके। वे दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के वक्फ बचाओ सम्मेलन में बोल रहे थे। समाजवादी पार्टी लगातार वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोल रही है। इसी कड़ी में सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे नफरत के आधार पर देश को बांटना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि बीजेपी के लोग एजेंसियों का दुरुपयोग करके और राजनीतिक लोगों पर दबाव बनाकर इस बिल को पास कराने में सफल हुए हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं से सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि इस लड़ाई में आप अकेले नहीं हैं, बल्कि हिंदू समाज का बहुमत भी आपके साथ है। सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के लोग 35 फीसदी से ज्यादा नहीं हैं, लेकिन उसके साथ कई एजेंसियां काम कर रही हैं।, उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिमी यूपी के लोग हों, नीतीश, नायडू, जयंत, देवेगौड़ा हो, उन्हें सियासी तरीके से सबक सिखाना होगा। बिहार में चुनाव आ रहे हैं, यहीं से शुरुआत करें। इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, जहां प एनडीए की सरकार सत्ता में है। इसमें बीजेपी के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड भी शामिल है। इस दौरान सपा सांसद ने मुस्लिम समुदाय के साथ खड़े होने का भी भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पूरी ताकत से आपके हर फैसले पर आपके साथ खड़े रहेंगे। धर्मेंद्र यादव ने आगे कहा कि वक्फ एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जो चर्चा हुई, वह वहां नहीं टिकेगी। उपराष्ट्रपति, सांसदों को क्या हो गया है, वे सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ गृहयुद्ध के लिए जिम्मेदार हैं।

### संविधान के खिलाफ वालों का विरोध करें: जवाद

**नई दिल्ली।** शिया धर्मगुरु कल्बे जवाद ने कहा कि संविधान के खिलाफ जो लोग काम कर रहे हैं, हमें उनके खिलाफ काम करना है। मर्द ए मोमिन से तकदीर बदल जाती है, तो सरकार भी बदल सकती है। अगर आप रक्षात्मक रुख अपनाएंगे, तो पूरी जिंदगी गुजर जाएगी। हर मस्जिद में शिवलिंग मिल जाएगा। फुहारों में शिवलिंग मिल रहे हैं। किसी भी सरकारी जगह पर इबाद. तगाह नहीं बन सकती है। हर थाने और अस्पतालों में मंदिर मिलेगा।

# थानों में पोस्टिंग को लेकर भड़के अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर पीडीए के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यूपी पुलिस में जातिगत आधार पर तैनाती और सरकारी वेबसाइट से डेटा हटाने के आरोप भी लगाए हैं। अखिलेश यादव ने दावा किया कि पीडीए सरकार बनने पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया है कि थानों में उच्च जातियों के लोगों की पोस्टिंग की जा रही है। साथ ही साथ दावा किया कि पीडीए के साथ अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने सरकार की वेबसाइट का एक स्क्रीनशॉट भी जारी किया, जिसमें थानों में जातिगत आधार पर थानेदारों की लिस्ट भी जारी की गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अधिकारियों को आगे करके कहा जा रहा है कि गलत आंकड़े पेश किए, हमने गलती सुधारने मौका दिया, तो सरकार ने अधिकारियों को आगे कर दिया। मैंने अभी 2-4 जिलों का पुलिस पर खुलासा किया, जब मैंने थानों पर सवाल उठाया, तो मुझे नसीहत दे रहे हैं, गलती नहीं सुधार रहे हैं। सरकार डाटा क्यों नहीं दे रही है। मुझ पर गलत आंकड़ा देने का आरोप लगा रहे हैं, सरकार जवाब नहीं दे रही है और अधिकारियों को आगे किया जा रहा है। हमने जो डेटा दिया है वो सरकार की वेबसाइट से लिया है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में सभी बड़े पदों पर एक ही जाति के लोग भरे पड़े हैं।



■ पीडीए की सरकार बनने पर सभी को मिलेगा रोजगार: सपा

उन्होंने कहा कि दलित समाज पर अत्याचार किया जा रहा है। मेरे पीडीए डाटा का खंडन करने आ गए, लेकिन सदन में जो उन्होंने कहा उसका खंडन करने नहीं आए। चित्रकूट में सपा डीएम, सीडीओ, सीएमओ, खनिज, पर्यटन, थानाध्यक्ष, कई बीडीओ में से कितने पीडीए के हैं? सरकार मैनिपुलेशन कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि बच्चों का भविष्य बने। हमें बाबा साहेब आंबेडर का संविधान, आरक्षण बचाना है। सपा प्रमुख ने दावा किया है कि अगर पीडीए की सरकार बनेगी, तो नौकरी, रोजगार मिलेगा।

# दलितों पर हमले की घटनाएं शर्मनाक: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

**बहुजन** समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश के मुरैना में अंबेडकर जयंती के अवसर पर जुलूस पर हमला और अन्य राज्यों में अंबेडकर प्रतिमा का अपमान तथा दलितों के खिलाफ हिंसात्मक वारदातें शर्मनाक हैं जो सरकारों के दोहरे चरित्र को दर्शाती हैं।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संविधान निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर इस बार देश के कई राज्यों में इनकी प्रतिमा का अनादर व उस मौके पर कार्यक्रम/जुलूस पर सामंती तत्वों के हमलों में अनेक लोगों के हताहत होने की घटनाएं अति-शर्मनाक व यह सरक.ारों के दोहरे चरित्र का प्रमाण। उन्होंने कहा ह ऐसे दुखद मामलों में खासकर मध्य प्रदेश के मुरैना में अम्बेडकर जुलूस पर हुए हमले में दलित की हुई हत्या व अनेकों के घायल होने की घटना अति-निन्दनीय, जिसमें दोषियों के विरुद्ध अभी तक भी सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने से राज्य सरकार इसमें स्पष्ट संलिप्तता को लेकर कठघरे में है। बसपा प्रमुख ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि दलित संतों, गुरुओं और महापुरुषों के अपमान की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें वरना दलित समाज उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व सभी राज्य सरकारें घटनाओं को गंभीरता से लेकर जरूर सख्त कार्रवाई करके इसे रोकें, वरना इन वर्गों के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। ऐसी घटनाओं से स्पष्ट है कि केन्द्र व राज्य सरकारें बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की जयंती आदि पर जो कार्यक्रम आयोजित करती हैं वे सब दलितों के वोट के स्वार्थ की खातिर पूर्णत: छलावा है।

### भाजपा राज में दलित असुरक्षित : अजय राय

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपाऋ सरकार के कार्यकाल में दलित सुरक्षित नहीं है। अमेठी में दलित युवक की हत्या के बाद पीड़ित परिजनों के प्रति शोक संवे.दना व्यक्त करने पहुंचे श्री राय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यकाल में दलितों से साथ लगातार अन्याय हो रहा है। जहां भी दलितों के साथ अन्याय हो रहा है, कांग्रेस हमेशा दलितों के साथ खड़ी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में एक दलित को पेट्रोल डाल करजिदा जला दिया गया। आजमगढ़ और रामपुर में दलितों पर अत्याचार हो रहे है। अजय राय ने भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह के कार्यक्रम पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बाबा साहब का वास्तविक सम्मान तब होगा जब दलितों के परिवार में खुशहाली आएगी।

# यूपी में चली तबादला रेल, 33 आईएएस के ट्रांसफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 11 जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा ९(आईएएस) के 33 अधिकारियों के तबादले कर दिए। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वाराणसी, बरेली, आजमगढ़, झांसी, महोबा, अंबेडकरनगर, गाजीपुर, कुशीनगर, बरेली, हापुड़, संतकबीरनगर के जिलाधिकारियों को बदला गया है जबकि वाराणसी के मंडलायुक्त का भी ट्रांसफर कर दिया गया है।

प्रमुख सचिव परिवहन, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग, अध्यक्ष, उप्र राज्य परिवहन निगम महानिदेशक, उप्र प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी व दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान तथा निदेशक, अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा निदेशक छत्रपति शाहू जी महाराज, उप्र श्री लक्कू वेंकटेश्वरलू को प्रमुख सचिव परिवहन विभाग तथा अध्यक्ष उप्र राज्य परिवहन निगम के पद से अवमुक्त कर दिया गया है। यह प्रभार अब प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता देखेंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा को मुख्यमंत्री का सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि वाराणसी के डीएम एस राजलिंगम अब श्री शर्मा के स्थान पर वाराणसी के नए मंडलायुक्त होंगे। वहीं मुख्यमंत्री के विशेष सचिव सत्येन्द्र कुमार को वाराणसी का जिलाधिकारी बनाया गया है। हापुड़ की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को सूडा का निदेशक बनाया गया है वहीं मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय को हापुड़ का नया डीएम नियुक्त किया गया है। गोरखपुर के सीडीओ संजय कुमार मीणा को मेरठ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अलीगढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी को गोरखपुर का सीडीओ बनाया गया है। बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय को इसी पद पर आजमगढ़ भेजा गया है, जबकि आजमगढ के मौजूदा डीएम नवनीतसिंह चहल का ट्रांसफर मुख्यमंत्री के विशेष सचिव के पद पर किया गया है। अंबेडकरनगर के डीएम अवनीशसिंह का तबादला बरेली कर दिया गया है जबकि विशेष सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा व निदेशक, यूपीनेडा एवं प्रबंध निदेशक, उप्र रेनुवबिल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लि. अनुपम शुक्ला को अंबेडकरनगर का डीएम बनाया गया है। लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीतसिंह को श्री शुक्ला के स्थान पर विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा व निदेशक, यूपीनेडा एवं प्रबंध निदेशक, उप्र रेनुवबिल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लि. की जिम्मेदारी दी गई है। प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक गौरव कुमार का तबादला लखनऊ के नगर आयुक्त के पद पर किया गया है। चंदौली की संयुक्त मजिस्ट्रेट हर्षिकासिंह का तबादला प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक के पद पर किया गया है। गाजीपुर की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को विशेष सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नियुक्त किया गया है वहीं झांसी के डीएम अविनाश कुमार को गाजीपुर का डीएम बनाया गया है। महोबा के डीएम मृदुल चौधरी अब झांसी के नए डीएम होंगे। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में सचिव गजल भारद्वाज को महोबा का जिलाधिकारी बनाया गया है। संतकबीरनगर के डीएम महेन्द्रसिंह तंवर को कुशीनगर के डीएम के पद पर किया गया है।

■ मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय को हापुड़ का नया डीएम नियुक्त किया गया

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के तरलता उपाय से चढ़ा बाजार

**मुंबई, वार्ता**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जारी आलोचना से विश्व बाजार के कमजोर संकेत के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और एनएसई का निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,252.46 अंक और स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत उछलकर 49,143.12 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4130 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2476 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1834 में तेजी, जबकि 1059 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा। आरबीआई ने तरलता मानकों को और मजबूती देने तथा तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) ढांचे में संशोधन संबंधी अंतिम दिशा.निर्देश सोमवार को जारी किए हैं। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया।



### दिल्ली ईवी बस सेवा का कार्यक्रम स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की ओर से दिल्ली ईवी इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत 330 नई इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च करने के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि धर्मगुरु महामहिम पोप फ्रांसिस जी के निधन पर भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शोक की वजह से देवी योजना के तहत शुरू होने वाली इलेक्ट्रिक बसों की लॉलन्चग को स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 'एक्स' पर कहा कि आज पृथ्वी दिवस पर हम देवी पहल के तहत 330 नई इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च करके एक हरित भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली की यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक टिकाऊ बनाने का एक गंभीर प्रयास है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**

**विदेशी** बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 4106 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-41 सेंट की बढ़त लेकर 48-73 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।



इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13187 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बंगाल सरकार के खिलाफ घेरा शिक्षकों ने एसएसपी ऑफिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साल्ट लेक क्षेत्र में मंगलवार को तनाव उस समय चरम पर पहुंच गया जब सैकड़ों बर्खास्त सरकारी शिक्षकों ने यहां स्थित पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के मुख्यालय का घेराव किया।

इससे पहले सोमवार को एसएससी प्रमुख सिद्धार्थ मजूमदार और अन्य को घेरा गया था। इन्होंने 2016 के शिक्षक पैनल के योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने की मांग की। पुलिस ने एसएससी कार्यालय के आसपास अपने बलों को तैनात किया, जबकि प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया और एसएससी द्वारा उनकी मांगें स्वीकार किए जाने तक विरोध जारी रखा। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने उन लोगों को अनुम.ति दी जो पानी, दवाइयां और आवश्यक सामान एसएससी अध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों को आचार्य सदन में ले जा रहे थे। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी अंदर थे, जबकि प्रदर्शनकारियों ने उन्हें जाने नहीं देने का दृढ़ निश्चय किया। एसएससी ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि एसएससी ने पहले ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बरकरार रखने की अपनी मंशा की घोषणा कर दी है। उन्होंने पात्र शिक्षकों को सलाह दी कि वे तब तक प्रतीक्षा करें जब तक राज्य सरकार समीक्षा याचिका के साथ अदालत में नहीं जाती। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा था जिसमें शिक्षकों और ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारियों के पूरे 2016 के पैनल को रद्द कर दिया गया था। क्योंकि एसएससी बार-बार अनुरोध के बावजूद योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची उपलब्ध कराने में विफल रहा था।

### नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करने की योजना तैयार की है। इसमें बीजेपी और सरकार पर संविधान विरोधी होने का चेहरा उजागर किया जाएगा। कांग्रेस 24 अप्रैल तक देश भर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सफाई देने के बाद 25 अप्रैल से नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी। कांग्रेस के पांच सूत्रीय एजेंडे में लोकसभा चुनाव में कुछ बीजेपी उम्मीदवारों के संविधान बदलने के बयान की तर्ज पर निशिकांत दुबे, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री किरन रिजूजू जैसे नेताओं के सुप्रीम कोर्ट पर दिए बयानों को उठाया जाएगा, राज्यसभा में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह के बयान को वीडियो क्लिप से साथ प्रचारित किया जाएगा। चुनाव आयोग और राज्यपाल समेत संवैधानिक संस्थाओं पर बीजेपी के कब्जे के आरोप को पुख्ता किया जाएगा।

# इंडिया एक्सपो में सहारनपुर के हस्तशिल्प को मिली सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के तत्वाधान में ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 16 से 19 अप्रैल तक आयोजित हस्तशिल्प मेले में सहारनपुर और मुरादाबाद की हस्तशिल्प कला को दुनिया के 112 देशों के खरीदारों को खूब लुभाया।

मेले में अबकी 13 सौ करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स मुरादाबाद के निदेशक इशहान अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि पिछली बार के हस्तशिल्प मेले में एक हजार करोड़ का विदेशी कारोबार हुआ था। अबकी 300 करोड़ की वृद्धि इस मायने में अहम है, क्योंकि विश्व बाजार में अस्थिरता का माहौल है। अमेरिका और चीन के बीच निर्यात शुल्क को लेकर चल रही तनातनी से दुनिया के खरीदार खासे घबराएं हुए हैं। फिर ईपीसीएस खरीदारों को प्रदर्शनी में बड़ी तादाद में लाने में सफल रही। मेले में यूं तो देश भर से तीन हजार के करीब निर्यातक पहुंचे लेकिन सहारनपुर और मुरादाबाद के निर्यातकों की चांदी रही। सहारनपुर के 30-35 निर्यातक मेले में गए थे। राम जी सुनेजा का कहना था कि कारोबार उम्मीद के मुताबिक तो नहीं रहा, लेकिन कम से कम आधे निर्यातक विदेशी खरीदारों से मिले ऑर्डर से संतुष्ट है। सहारनपुर के सबसे बड़े वुड कार्विंग के उत्पादों के निर्माता एवं निर्यातक असलम सैफी ने कहा कि उनके स्टाल पर पहले मेलों की तुलना में ज्यादा अमेरिकी खरीदार पहुंचे। मुरादाबाद के सेविन सीज इंटरनेशनल फर्म के निदेशक निर्यातक अब्दुल अजीज का कहना है कि विदेशी ग्राहक उनके स्टाल पर बड़ी संख्या में आए पर कारोबार करने को लेकर उनमें हिचक बनी रही। विश्व बाजार में अस्थिरता जब तक रहेगी तो भारतीय निर्यात उससे अवश्य प्रभावित रहेगा। मुरादाबाद की ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स के निदेशक इशहान अग्रवाल ने बताया कि फर्नीचर, लैंप और सजावटी सामानों की मांग इंग्लैंड, हालैंड आदि देशों में खूब रही। इसी फर्म के रजनीश अग्रवाल और कुलीन अग्रवाल का कहना है कि निर्यातक खासे उत्साहित है। चीन, अमेरिका की खींचतान का लाभ भारतीय निर्यातकों को मिलेगा।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीसीएस यूनिवर्सिटी में पृथ्वी दिवस पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, मेरठ के तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल द्वारा मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'नवीकरणीय ऊर्जा' विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य पृथ्वी के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और सतत विकास के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की उपयोगिता पर वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक संवाद को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि हम पृथ्वी की प्राकृतिक संपदाओं का विवेकपूर्ण उपयोग करें और भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करें। नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर, पवन एवं जल स्रोतों का उपयोग हमें सतत भविष्य की ओर ले जाता है। मुख्य अतिथि डॉ. एन. खरे, मुख्य वैज्ञानिक, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली ने सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा के वैज्ञानिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ष्जलवायु परिवर्तन की गति को रोकने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। भारत जैसे देश में, जहां विविध जलवायु और भौगोलिक स्थितियां हैं, वहां इस क्षेत्र में शोध और नवाचार की अपार संभावनाएँ हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश, वैज्ञानिक, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली और डॉ. आनंद शर्मा, पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक, मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। डॉ. सुरेश ने भूकंप और ऊर्जा सुरक्षा के आपसी संबंधों पर विचार व्यक्त किए, जबकि डॉ. शर्मा ने मौसम पूर्वानुमान और जलवायु डेटा के कृषि, ऊर्जा एवं दैनिक जीवन में अनुप्रयोगों की व्याख्या की। इस अवसर पर प्रो. मृदुल गुप्ता, प्रति कुल. पति, प्रो. वीरपाल सिंह, निदेशक शोध, प्रो. जावेद अहमद, अध्यक्ष, राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली, प्रो. विंदु शर्मा, प्रो. जे. एस. सिद्दीकी, प्रो. पुष्पेंद्र कुमार सहित देशभर के वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोधकर्ता और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए शोध पत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की वर्तमान स्थिति, भविष्य की संभावनाएँ, चुनौतियाँ एवं समाधान जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। सम्मेलन का समापन 23 अप्रैल 2025 को होगा, जिसमें विभिन्न तकनीकी सत्र, पोस्टर प्रेजेंटेशन और पैनल चर्चा का आयोजन भी किया जाएगा।

**प्रोफेसर बिंदु शर्मा को मिला पुरस्कार:** नेशनल एनवायरमेंटल साइंस एकेडमी इंडिया द्वारा प्रोफेसर बिंदु शर्मा को मॉलिक्युलर पैरासिटोलॉजी में बेहतर कार्य करने के लिए Aesa women excellence award 2025 से सम्मानित किया गया।

## सैयद तनवीर काजमी ने की ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात, अल्पसंख्यकों के लिए योजनाओं के बारे में विस्तार से की चर्चा



**मेरठ।** सैयद तनवीर काजमी इन दिनों लखनऊ के दौरे पर हैं और भाजपा सरकार के मंत्री और नेताओं से मुलाकात कर अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में अवगत करा रहे हैं। वहीं इसी के चलते मंगलवार को पंचायती राज ओमप्रकाश राजभर से उनके आवास पर लखनऊ में मुलाकात की और अल्पसंख्यकों के लिए चलाए जा रही सरकार की जानकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई जिसमें राजभर ने कहा कि अल्पसंख्यकों को हर संभव मदद की जाएगी और जो भी सरकार की कल्याणकारी योजना है उसके बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा और उन योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। वहीं राष्ट्रीय इलेक्शन परिषद के संगठन सचिव उत्तर प्रदेश के सलाहकार सैयद राशिद तथा गांव के नवाब हूमैर अब्बास में मौजूद रहे।

## अर्थ डे पर पर्यावरण को बचाने का दिया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल मेंमंगलवार को अर्थ डे मनाया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। अर्थ डे के उपलक्ष्य में बच्चों ने पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने के लिए लघु नाटिका पेश कि तथा भिन्न-भिन्न प्रकार के स्लोगन लिखकर अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए संदेष भी लिखे। पृथ्वी दिवस 2025 की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह जिसमें सभी से अक्षय ऊर्जा के इर्द-गिर्द एकजुट होने का आहवान किया गया ताकि हम 2030 तक स्वच्छ बिजली को तीन गुना कर सकें। धरा पर दिनोदिन बढ़ते हुए प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों ने कविताएँ स्लोगन व चित्रों के माध्यम से पृथ्वी की मार्मिकता को दर्शाया जिसे सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने वसुंधरा को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की सलाह देते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को जागरूक व सचेत रहने का संदेश दिया।

## दशमेश पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने पौधे लगाकर व चित्रकारी के माध्यम से पृथ्वी के संरक्षण का सन्देश दिया। विद्यालय की डायरेक्टर डा. सिम्मी सहोता ने बच्चों के साथ स्कूल में पौधारोपण किया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने विद्यालय के उद्यान के जाकर पौधों को सिंचित किया तथा पौधे की रक्षा करने तथा पृथ्वी को दूषित होने से बचाने का संकल्प लिया। डा. सिम्मी सहोता ने बच्चों को प्रदूषण से होने वाले नुकसान के बारे में बताया उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमें सब कुछ देती है जो की हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। हम सब को मिलकर पृथ्वी की रक्षा करनी चाहिए। प्रधानाचार्य आमिर खान ने कहा कि हमें पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्लास्टिक का प्रयोग नही करना चाहिए तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल करनी चाहिए। कक्षा पांच छात्र भवि पाहवा व कक्षा नर्सरी के मृत्युंजय पाहवा व कक्षा एक के छात्र अगम ने पृथ्वी के संरक्षण पर कविता एवं अन्य छात्रों ने भाषण प्रस्तुत किये। इस अवसर पर स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, दीप्ती शर्मा, गुरजीत कौर, कोमल राणा, कविता, खुशबू, मो. निका, गुरविंदर कौर, महक, प्रियंका, सुशील कुमार, विजय कुमार, धनवीर सिंह, प्रवेश कुमार, प्रशांत कुमार, निखिल कुमार, अशोक कुमार, सूरज जैन, अनिकेत राणा आदि उपस्थित रहे।

# सफलता के नए-नए आयाम स्थापित करते हुए डीएवी स्कूल ने मनाया 39वां स्थापना दिवस





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास रहा। मंगलवार के दिन डीएवी स्कूल का 39वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अपने इस 39 वर्ष के अंतराल में डीएवी स्कूल ने मेरठ के अंदर शिक्षा जगत में एक नया स्थान हासिल किया है। इस दिन को धूमधाम से मनाने के लिए स्कूल के अंदर एक आयोजन किया गया। वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ अनुष्ठान द्वारा किया गया, जिसमें डीएवी सीएमसी उप प्रबंधक व अध्यक्ष डीएवी मेरठ जे.के. कपूर, प्रबंधक डॉ. डीवी सेठी तथा डॉ. अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल, यूपी जोन-ए) सम्मिलित हुए। यज्ञ अनुष्ठान के पश्चात जेके कपूर, डॉ. डीवी सेठी एवं डॉ अल्पना शर्मा ने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया।

स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के गौरवमय क्षणों को स्मरण करते हुए समाज में विद्यालय के अभूतपूर्व योगदान के विषय में रोचक तथ्य प्रस्तुत किए। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई नाटिका ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान की अभूतपूर्व प्रदर्शनी के माध्यम से नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। डॉ. अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल, यूपी जोन- ए) ने स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संदेश देते हुए कहा कि डीएवी का उद्देश्य बच्चों के लिए सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार कर, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हम महर्षि दयानंद के विचारों को बच्चों के अंदर निरूपित करना चाहते हैं, जिससे कि वे शिक्षा के साथ-साथ अपने चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास कर सकें और दुनिया में भारत को जगतगुरु बनाने के लिए आगे बढ़ सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने सभी विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, टेक्नोलॉजी एवं नैतिक मूल्यों की भी प्रेरणा देता है।

# जेईई मेंस 2025 में चमके सीवीपीएस के विद्यार्थी

- करण पिलानिया रहे मेरठ टॉपर
- इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के फैकल्टी मेंबर्स को दिया एक लाख का चेक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीवीपीएस इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस-2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सफलता का जश्न मनाने के लिए विद्यालय परिसर में सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे।

छात्रों एवं अभिभावकों का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प माला पहनाकर हुआ। इस शानदार कामयाबी को हासिल करते हुए करण पिलानिया ने 99.85 प्रतिशत से मेरठ सिटी टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। उनकी ऑल इंडिया रैंक 2301 रही, जो कि मेरठ शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अन्य विद्यार्थियों के परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहे। शिवांश तोमर ने 99.31, माही ने 99.3, वंश जोशी ने 99.16, भव्य गुप्ता ने 98.5, पनव जैन ने 98.3, दक्ष गुप्ता ने 97.2, अमूल्य ने 97.17, प्रांजल सिंह राणा ने 97.01 प्रतिशत विधालय की गरिमा बढ़ाई। डॉ. सोमेंद्र तोमर एवं डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल ने छात्रों को उनके अभिभावकों सहित वॉच, गिफ्ट हैंपर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के फैकल्टी मेंबर्स को एक लाख रुपए का चेक दिया गया। मेधावी छात्रों ने बिना कोचिंग के स्कूल में रहकर इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के ाउंडर एवं सीईओ डॉ. आर्यन अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में मोबाइल से दूर रहकर रात्रि 10 बजे तक विद्यालय परिसर में रहकर पढ़ाई की। विद्यालय चेयरमैन डॉ. ओ. पी. अग्रवाल ने छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। प्रिंसिपल एन. पी. सिंह ने छात्रों की लगन, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।

## मंदबुद्धि किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** दो दिन पूर्व अर्द्धविक्षिप्त किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को किठौर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी अर्द्धविक्षिप्त है, जिसके इर्द-गिर्द गांव का ही सोनू पुत्र उदयराम टहलता देखा गया था। दोपहर में बेटी अचानक लापता हो गई। किशोरी की मां उसे तलाश करते उदयराम के घेर में पहुंची तो उसने सोनू को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। किशोरी की मां को देख आरोपी फरार हो गया था। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को किठौर स्थित कंठी माता के मंदिर के पास से गिरफ्तार कर नाबालिग से दुराचार के आरोप में जेल भेज दिया।

## भाकियू आजाद का सरधना तहसील में धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (आजाद) ने सरधना तहसील में किसान अधिकार महापंचायत कर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें किसानों के साथ हो रहे अन्याय व प्रशासनिक लापरवाही, तहसील में पटवारियों का बढ़ता भ्रष्टाचार, देहात क्षेत्र में हो रही कृषि बिजली कटौती जैसे अनेकों मुद्दे उठाए गए और एसडीएम सरधना को पंचायत स्थल पर बुलाकर सारे मुद्दों को हल करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। भाकियू आजाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान ने बताया कि कुछ पटवारियों द्वारा जानबूझकर किसानों की जमीनों को विवादित कर कब्जा करवाने का कार्य कर रहे है। ग्राम पबरसा निवासी किसान हिमांशु के नाम से भूमि का रिकॉर्ड राजस्व दस्तावेजों में दर्ज है, दाखिल-खारिज भी उसके नाम है। इसके बावजूद क्षेत्रीय पटवारी अनुज भूमि की नाप नहीं कर रहा है। पारस पुत्र सतेंद्र हिमांशु व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना दौराला को शिकायत देने के बावजूद कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि उल्टा हिमांशु और उसके परिवार पर ही झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया गया। वहीं सरधना तहसील के गांव कैली सहित कई देहात क्षेत्रों में कृषि कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति निरंतर बाधित की जा रही है, जिससे किसान अपनी फसल की सिंचाई नहीं कर पा रही हैं। इस दौरान दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

## 'कैसा प्यार, कैसा इश्क' के लिए सीसीएसयू के पत्रकारिता विभाग में ऑडिशन शुरू

- आज 10 बजे से 4 बजे तक फिल्म ऑडिशन का सुनहरा अवसर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यदि आपके अंदर है अभिनय का जुनून और सपनों को उड़ान देने की चाहत, तो यह मौका बिल्कुल न गंवाएं। बुधवार को तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल, मेरठ पहुँचकर अपने सपनों की शुरुआत करें। बॉलीवुड में अभिनय की दुनिया में कदम रखने का सपना देख रहे युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका सामने आया है। प्रसिद्ध फिल्म 'कैसा प्यार, कैसा इश्क' के लिए ऑडिशन का आयोजन तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में किया जा रहा है। यह ऑडिशन बुधवार को प्रात: 11 बजे से लेकर अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित होगा। इस फिल्म के लिए विभिन्न किरदारों की तलाश की जा रही है, जिसमें भाग लेने के इच्छुक कलाकार सीधे मौके पर पहुंचकर ऑडिशन दे सकते हैं। प्रोफेसर प्रशांत कुमार, निदेशक, तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल, ने जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म के लिए 16 से 50 वर्ष की आयु के महिला और पुरुष कलाकार आमंत्रित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह मौका विशेष रूप से उन कलाकारों के लिए उपयुक्त है जो फिल्मी दुनिया में अपने अभिनय कौशल को पहचान दिलाना चाहते हैं। फिल्म में चयनित कलाकारों को अभिनय के साथ-साथ बॉलीवुड के अनुभवी निर्देशकों और तकनीकी टीम के साथ काम करने का अवसर भी प्राप्त होगा। यह फिल्म एटीटी बंदे फिल्म प्रोडक्शन एंड बीएस एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई जाएगी।

## विद्या यूनिवर्सिटी के लिए गौरव का क्षण

- प्रो. चांसलर विशाल जैन को मिला 'मोस्ट इंफ्लुएंशल यंग लीडर्स 2025' अवार्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्या यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर विशाल जैन को 'मोस्ट इंफ्लुएंशल यंग लीडर्स 2025' अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड एशियावन मैगजीन की ओर से प्रदान किया जाएगा। यह केवल जैन की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्वविद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। चांसलर प्रदीप कुमार जैन, कुलपति डॉ. हिरेन दोशी सहित सभी गणमान्यों ने विशाल जैन को हार्दिक बधाई दी।

गौरतलब है कि ऑक्सफोर्ड ब्रूक्स यूनिवर्सिटी, यू.के. से शिक्षित विशाल जैन एक दशक से अधिक समय से ई-कॉमर्स, आईटी डेवलपमेंट, पब्लिक स्पीकिंग और मार्केट रिसर्च जैसे विविध क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा चुके हैं लेकिन उनका असली समर्पण शिक्षा के प्रति है, जहां वे केवल एक प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। एशियावन मैगजीन के पदाधिकारियों ने कहा कि विशाल जैन ने शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर स्थापित करते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास को भी प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शोध के क्षेत्र में विद्या यूनिवर्सिटी ने जो कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उसके पीछे जैन की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व की अहम भूमिका रही है। इस मौके पर विशाल जैन ने कहा कि 'यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि विद्या यूनिवर्सिटी के हर विद्यार्थी, शिक्षक और सहयोगी का है। हमारा लक्ष्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि जीवन बदलने वाली शिक्षा देना है।'



# हाईटेंशन लाईन से ईख व गेहूं की फसल जलकर हुई राख, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम चिंदौड़ी में हाई टेंशन लाइन में चिंगारी लगने से किसान की गन्ने की फसल में आग लग गई और किसान का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। चिंदौड़ी गांव निवासी किसान जगबीर पुत्र सुखबीर ने लावड़ चौकी पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके खेत के ऊपर से हाई टेंशन लाइन का तार जा रहा है। मंगलवार को अचानक तारों से चिंगारी निकल कर उसके ईख के खेत में गिर गई जिससे ईख के खेत में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिस कारण उसकी 8 बीघा ईख और एक बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसान ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक किसान का लाखों रूपये का नुकसान हो चुका था। किसान ने चौकी पहुंचकर मुआवजे की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित किसान बहुत गरीब परिवार से है उसका नुकसान होने से गांव में काफी लोग दुखी है। क्योंकि सुखबीर अपने परिवार का भरण पोषण इसी खेती से करता है।



## डोल काटने का विरोध करने पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गांव चरला में खेत की डोल काटने का विरोध करने पर लाठी, डंडो व धारदार हथियारों से हुए हमले में महिला सहित चार लोग घायल हो गए घटना के संबंध में थाने मे तेरी दी गई है। गांव चरला निवासी यशपाल ने थाने मे तहरीर देते हुए बताया उनके पड़ोसी ने उनके खेत की डोल को काटकर अपने खेत मे मिलाली विरोध करने पर लाठी डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर गांव मे पुलिस पहुंची पुलिस के पहुंचने ने पर दोनों पक्षों में समझोता हो गया। आरोप है फिर से आधा दर्जन लोगों ने घर मे घुसकर जानसे मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरो. पियों द्वारा किए गए हमले मे यशपाल की पत्नी कविता, उसके भाई अंग्रेश पाल, श्रीपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना मे दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति घायल हुआ है। घटना के संबंध में नामजद तहरीर दी गई है।

# गुडनेस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम इकला रसूलपुर में स्थित गुडनेस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह व धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें बच्चों ने एक से एक बढ़कर कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से की गई जिसमें छात्रों ने पृथ्वी से संबंधित अपने विचार रखें तथा कविताएं तथा नाटक प्रस्तुत किए विद्यालय परिसर को पर्यावरण संरक्षण पोस्टर तथा बैनरों से सजाया गया था अलग-अलग कक्षाओं के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मॉडल चार्ट प्रस्तुत किये जिसमें जल बचाओ प्लास्टिक मुक्त वृक्षारोपण कचरा प्रबंधन सौर ऊर्जा जैसे मॉडल प्रस्तुत किए जिसमें आए हुए सभी अतिथि प्रभावित हुए न रह सके विद्यालय के चेयरमैन फकरे आलम ने छात्रों को पृथ्वी दिवस के अवसर पर बताया कि किस तरह हम छोटे-छोटे कदम उठाकर पृथ्वी की



रक्षा कर सकते हैं पृथ्वी दिवस एक उत्सव नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है हमें अपने जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं गुडनेस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य उमर फारूक ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारा विद्यालय हमेशा नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते आया है इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। इस मौके पर स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

## तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने आरोपी को मुखबिर की खास सूचना पर नेक वाले रास्ते पर तमंचे के साथ दबोच लिया और गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान प्रिंस पुत्र राजेंद्र निवासी नंदपुरा के रूप में हुई। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने बताया कि अगर क्षेत्र में किसी ने भी अवैध असलहा रक्खा और शादी समारोह में भी अगर हथियार लहराया तो उचित कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता का रखा जाए विशेष ध्यान, कराई जाए फॉगिंग: धर्मपाल सिंह

### पशुधन एवं दुग्ध विकास एवं प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को सर्किट हाउस में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन उ.प्र. /प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा पशुधन मानव स्वास्थ्य से संबंधित संचारी रोग व भूसा बैंक, विकास एवं सुरक्षा के संबंध में अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में मंत्री ने विकास एवं सुरक्षा की समीक्षा करते हुये कहा कि विकास और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने समस्त विभागों की तीन माह की कार्य योजना तैयार करने और जनपद स्तर पर भूसा बैंक बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा को बनाये रखने हेतु अधिकारियों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कोई भी फरियादी व पीड़ित आता है

**■ मंत्री ने जनपद में संचालित संचारी रोग अभियान की समीक्षा कर दिए निर्देश**

तो उसकी सुनवाई करते हुये तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस सूर्यास्त से पूर्व क्षेत्र में निकले और भ्रमणशील रहे। उन्होंने कहा कि सरकार के सकारात्मक प्रयासो से आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल हैं। जनपद में एसडीआरएफ/एनडीआरएफ स्टेशन, फायर स्टेशन आदि की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि एसडीआरएफ/एनडीआरएफ स्टेशन हेतु प्रस्ताव तैयार करते हुये शासन को भेजा जाये।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त विभागो की तीन माह की कार्य योजना तैयार कर विकास कार्यों का लक्ष्य तय करते हुये गति प्रदान की जाए। तीन माह के अंतर्गत जो लक्ष्य तय किये जाये उनकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाये। निर्माण कार्यों व परियोजनाओ में प्राप्त बजट को व्यय करते हुये समय पर योजनाओ को पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देना तथा आमजनमानस को सरकार की योजनाओ से लाभान्वित करना सरकार की प्राथमिकता है समस्त विभागीय अधिकारी आमजनमानस को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाये।

उन्होंने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है संबंधित अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में साफ-सफाई, एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग, पशुओ का टीकाकरण सुनिश्चित करायें। भूसा बैंक स्थापित किया जाये तथा गौशाला पर भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि देशी नस्ल सुधार कार्यक्रम में तेजी लाई जाये तथा कृत्रिम गर्भाधान अधिक से अधिक कराते हुये किसानो को लाभान्वित किया जाये। उन्होने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान व नस्ल सुधार से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानो की आय में बढोत्तरी होगी। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, अपर निदेशक पशुपालन मनोज अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कटारिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

### डीएम ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में खामियां मिलने पर डीएम ने प्रधानाचार्य को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कार्रवाई के लिये केन्द्र को पत्र प्रेसित करने के निर्देश दिये।

मंगलवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने गांव बसेड़ा तगा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने खेल की उचित व्यवस्था, प्रकाश, लैब, मेश, खेल सामग्री, स्टोर रूप आदि पर पैनी नजर डाली। बच्चों को दी जाने वाली व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। डीएम को यहां हर स्तर पर खामियां नजर आयी। जिस पर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने प्रधानाचार्य की बड़ी लारवाही बताते उनके के खिलाफ कार्रवाई को केन्द्र को पत्र लिखने के निर्देश दिये। डीएम यह जानकार हैरान रह गई कि यहां कोई भी सुविधा बच्चों को नहीं दी जा रही है। उन्होंने स्वयं लड़के व लड़कियों के विंग में पहुंचकर सारी जानकारी ली। जिस पर बच्चों ने पूरी बात बताई। डीएम ने निर्देश दिये कि समय पर सभी व्यवस्था पूरी कर ली जानी चाहिये। लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर बने अंडरपास

### ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्रामीणों ने कृषि कार्य को करने के लिए अंडर पास बनवाये जाने की मांग की है।

मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव चक अंबिया के ग्रामीणों ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण होने के कारण 100 वर्ष पुराना मार्ग बंद हो चुका है। ग्रामीणों की खेती की जमीन गंगा एक्सप्रेसवे के दूसरी ओर पहुंच चुकी है अब ग्रामीणों को काफी लंबा चक्कर काट कर अपने खेतों पर जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव चक अंबिया में अंडरपास बनवाये जाने के बाद ग्रामीणों की परेशानी दूर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि गांव चक अम्बिया में गंगा एक्सप्रेसवे पर अंडरपास बनवाया जाये। ज्ञापन देने वालों में संदीप, वीर सिंह, हेमराज सिंह, कैलाश, राजपाल, हेमराज सिंह, पिंटू कुमार, हरिओम, प्रमोद, संजू, मनोज, जगराज, मोहन सिंह, रवि आदि मौजूद थे।

# सफाई कर्मियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर किया जाए निस्तारण: भगवत प्रसाद मकवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को सर्किट हाउस में सदस्य सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार भगवत प्रसाद मकवाना द्वारा मैन्युअल स्केवेंजर्स अधिनियम 2013 के जनपद में लागू होने व पालन करने की प्रशासनिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में सदस्य ने कहा कि अधिकारी स्वच्छकारो को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाये। सफाई कर्मियो की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाये। केन्द्र हो या प्रदेश सरकार स्वच्छकार सरकार की प्राथमिकता में है तथा इसके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है स्थानीय स्तर पर संबंधित सभी विभागीय अधिकारी योजनाओ का लाभ दिलाये तथा जो भी शासनादेश एवं उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन दी गई उसके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार स्वच्छकारों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नमस्ते योजनान्तर्गत जनपद में हुए रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को स्वच्छकारो की बस्ती में शिविर लगाने के निर्देश दिये। नगर निगम मृतक आश्रित के लंबित देयको का समय से भुगतान एवं उनकी नियुक्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होने नगर निगम के अधिकारी को स्वच्छकारो की भर्ती हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिये। जनपद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर निकायों में तैनात सफाईकार्मिको के वेतन भुगतान, ईपीएफ, ईएसआई, साप्ताहिक अवकाश एवं न्यूनतम मजदूरी की जानकारी लेते हुये उन्होंने कहा कि स्वच्छकार का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होने स्वच्छकारों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने तथा उनका बीमा कराये जाने के निर्देश दिये। नालों व सीवर की सफाई के लिए मशीनों का उपयोग करने के निर्देश दिये गये।

उन्होंनें समाज कल्याण अधिक. ारी को निर्देशित किया कि मैन्युअल स्केवेंजर्स की पांच श्रेणी के अनुसार सर्वेक्षण कराना सुनिश्चित करें जिससे कि पात्रो को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के नायक मातादीन वाल्मीकि चौक का सौदर्यीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। वाल्मीकि बस्ती में विकास कार्या को प्राथमिकता पर लेते हुये कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, बीएसए आशा चौधरी, एलडीएम एसके मजूमदार, समस्त ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हाइवे पर गेहूं से लदा ट्राला पलटा, लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर गेहूं से लदे एक ट्रैक्टर ट्राले का हिच टूटने से जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। काफी देर तक वाहनों की लंबी कतारें यहां पर लगीं रहीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात व्यवस्था को दुरूस्त कराया। बताते हैं कि नाईपुरा क्षेत्र में गेहूं से लदे एक

**■ स्कूली वाहनों को भी निकलने में हुई दिक्कत**

ट्रैक्टर ट्राले का हिच टूटकर ट्राला पलट गया। इस कारण हाईवे पर जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। जाम के चलते यहां पर वाहनों की कतारें लग गईं। सुबह के समय सेंट मैरी सहित अन्य विद्यालयों को जाने वाले स्कूलों के वाहनों की कतारें लग गईं, इस कारण बच्चों को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह यातायात व्यवस्था को दुरूस्त कराया, तब जाकर वाहन आगे बढ़े। बता दें कि





नगर के नाईपुरा में इन दिनों हाइवे पर अण्डरपास के कार्य के चलते यूं भी सड़कें संकरा हैं। ऐसे में यदि कोई वाहन पलट जाता है तो जाम की समस्या बढ़ जाती है। मंगलवार को भी ऐसी ही स्थिति यहां पर उत्पन्न हो गई। वहीं चौपला पर भी दिन में एक दो बार जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची चौपला पुलिस ने जाम खुलवाया और वाहनों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया।

# पेंशनरों के लिये ओपीएस व्यवस्था लागू की जाये

### कलक्ट्रेट में ज्ञापन सौंप उठाई मांग

**अमरोहा।** सेवानिवृत्ति कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने पेंशन राशि की कटौती को 15 से घटाकर दस वर्ष करने तथा एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर ओपीएस व्यवस्था लागू करने की मांग की। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलक्ट्रेट में सौंपा गया। कलक्ट्रेट में मंगलवार को एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि देश में एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर ओपीएस व्यवस्था लागू की जाये। पेंशन राशिकरण की कटौती को 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष किया जाये। उन्होंने कहा कि आठवें वित्त आयोग बिल में संसोधन किया जाये। पेंशनरों की पेंशन राहत का शासनादेश कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते के शासनादेश की तिथि को ही किया जाये। मंहगाई राहत को मंहगाई भत्ते से लिंक न किया जाये। ज्ञापन सौंपने वालो में जिलाध्यक्ष अनूप सिंह पैसल, यशपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह राणा, धर्मपाल सिंह, जयपाल सिंह, जसवंत सिंह, राम प्रसाद सिंह, सुनील त्यागी, रमेश चन्द्र, आदेश मित्तल शामिल रहीं।

# नत्थू सिंह बने आर्य समाज के प्रधान

### अभय मंत्राी, अंकुर कोषाध्यक्ष चुने गये



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आर्य समाज का नत्थू सिंह को प्रधान, अभय आर्य को मंत्री और अंकुर अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

आर्य समाज में साधारण अधिवेशन का शुभारंभ विश्व कल्याण यज्ञ के साथ हुआ। जो अखिलानंद सरस्वती, सोमेश शास्त्री के ब्राह्मत्व में हुआ।

यजमान सुभाष दुआ, सत्यप्रकाश खुराना, दिनेश चन्द्र रस्तौगी, संजीव रस्तौगी रहे। भजन अनिल जग्गा ने प्रस्तुत किया। इसके बाद निर्वाचन की कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें नत्थू सिंह आर्य को प्रधान, अभय आर्य को मंत्री, अंकुर अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, सुरेश विरमानी को वरिष्ठ उप प्रधान, डा. अनिल रायपुरिया को उप प्रधान, दिनेश चंद को वरिष्ठ उपमंत्री, विजेन्द्रपाल को उप मंत्री, विवेक अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष, विनय प्रकाश को भू संपत्ति अधिष्ठदाता, डा. गजेन्द्र पाल को अंकेक्षक, डा. अशोक आर्य को स्वागताध्यक्ष, डा. दीपक अग्रवाल को मीडिया प्रभारी, अनिल जग्गा को डिजिटल मीडिया प्रभारी, सुरेन्द्र सिंह को पुस्तकालाध्यक्ष बनाया गया है। अंजू आर्या, आशा आर्या, हेतराम सागर मौजूद रहे।

# अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा

**हसनपुर।** अवैध रूप से संचालित अस्पताल के खिलाफ नोडल अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराया है। कार्रवाई किये जाने के बाद अवैध रूप से संचालित अस्पतालों में हड़कंप मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी में संचालित अल शिफा हेल्थ केयर हॉस्पिटल की शिकायत पोर्टल पर की गई थी। जिला चिकित्सा अधिकारी ने नोडल अधिकारी शरद कुमार को मामले की जांच सौंपी थी। नोडल अधिकारी द्वारा जब अस्पताल पर छापा मार कर अभिलेखों को मांगा गया तो संचालक इधर-उधर को झाँकने लगा। निराशा के दौरान अस्पताल अवैध रूप से संचालित करते हुए पाया गया। नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया। नोडल अधिकारी ने अलशिफा हेल्थ फार्मा क्लीनिक के संच. ालक मोहम्मद गुलजार निवासी ग्राम बावनखेड़ी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

## पेड़ों पर लगाए क्यू आर कोड, स्कैन करते ही मिलेगी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी में 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण से संबंधित पेंटिंग बनाकर पृथ्वी के संरक्षण का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक डॉ. जोगिन्द्र सिंह व ईको क्लब की नोडल अध्यापिका चित्रा शर्मा ने कई पेडों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर क्यूआर कोड बनाया गया और इको क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर उन कोड को पेड़ों पर लगाया। प्रधानंध्यापक ने बताया कि जैसे ही कोई व्यक्ति कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करेगा, तुरंत उस पेड़ से संबंधित जानक. ारी मिल जाएगी। यह कार्यक्रम जनमानस में जागरूकता के लिए चलाया गया है, जिससे कि लोगों को पेड़ों के औषधीय गुणों के बारे में पता लग सके और वह उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर मोनिका कालियर, चित्रा शर्मा, पुष्पलता, उर्वशी, पुष्पा यादव, अर्चना त्यागी, लक्ष्मी रानी आदि उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

**नामान्तरण ( दाखिल खारिज )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लावड़, अन्तर्गत वार्ड सं.-14 में स्थित भवन/दुकान/खाली प्लाट सं.-541/1 के निवासी श्री मनोज कुमार पुत्र श्री सुखवीर सिंह निवासी वार्ड सं.-14, मौहल्ला सानियान, लावड़, मेरठ ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 08.04.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसको श्री अमर सिंह सैनी पुत्र श्री हरकेश निवासी वार्ड सं.-04, मौहल्ला मनिहारान, लावड़, मेरठ से क्रय किया है, जिसकी चौहद्दी निम्नवत है:- पूरब-15 फिट/प्लाट महेन्द्र, पश्चिम-15 फिट/रास्ता 10 फिट चौड़ा, उत्तर-45 फिट/रास्ता 10 फिट चौड़ा, दक्षिण-45 फिट/प्लाट श्रीमति बाला देवी। इस दाखिल खारिज प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन की अवधि के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत में कार्यालय दिवस में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**-अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लावड़, मेरठ।**

# विवाहिता की मौत को लेकर ससुराल व मायके पक्ष के लोग आमने-सामने

## एक-दूसरे पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप, दोनों पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खुब्बीपुर निवाड़ा में सोमवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मोत हो गई। ससुरालियों ने करंट लगने से विववाहिता की मौत होना बताया है तो मायके पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया गया है कि हाईवे पर स्थित एक अस्पताल में विवाहिता की मौत के लिए एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कई लोग चोटिल भी हो गए व कपडे भी फट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया।

कोतवाली प्रभारी के अनुसार किसी भी पक्ष ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर नहीं दी है।


मृतका का फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि कोई भी पक्ष शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नही था लेकिन पुलिस ने जबरन शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में ग्राम प्रधान निवाड़ा के नेतृत्व में पोस्टमार्टम रूकवाने के लिए एसपी कार्यालय भी पहुंचें लेकिन वह एसपी से मिले बिना ही वापस चले गए। बताया गया है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव निरोजपुर निवासी साइना की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व गांव खुबबीपुर निवाड़ा में एक युवक के साथ हुई थी। विवाहिता की सोमवार की रात संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ससुरालियों का कहना था कि विवा. हिता की करंट लगने से मौत हुई है जबकि मायके वालों ने दहेज में कार न मिलने पर ससुरालियों पर विवा. हता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हाईवे स्थित एक अस्पताल में जमकर हंगामा किया। बताया गया है कि इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट भी हुई, जिससे कई लोग चोटिल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# ट्रांसफार्मर हटाने की मांग को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के बिजरौल गांव में प्राचीन शिव मंदिर के निकट सड़क किनारे गली के कोने पर रखें ट्रांसफार्मर हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को दिल्ली पुलिस से रिटायर वरिष्ठ समाजसेवी प्राचीन शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रविंद्र पाल तोमर के नेतृत्व में विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर प्राचीन शिव मंदिर के कोने पर से विद्युत विभाग ने इस ट्रांसफार्मर को नहीं जाता तो तहसील परिसर में बिजरौल के ग्रामीण धरना देंगे। इस अवसर पर समाजसेवी रविंद्र पाल सिंह तोमर ने कहा कि विद्युत विभाग को इसकी शिकायत कई बार की है। मगर आज तक भी समस्या का कोई समाधान हल नहीं किया गया। उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए वहां से ट्रांसफार्मर को हटवाने की मांग की। इस मौके पर चौधरी नरेश कुमार देवेंद्र सिंह राजू चौधरी अलबेल सिंह संजीव कुमार चौधरी मुकुट कुमार बिजेंद्र सिंह बलवान सिंह चंद्रपाल सिंह विक्रम सिंह विरम चौधरी भुरा चौधरी बिट्टू चौधरी सुखदेव सिंह आदि गांव के लोग मौजूद रहे।



# पौधारोपण अभियान के तहत मंदिर में लगाए 101पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिजरौल गांव में प्राचीन शिव मंदिर पर दिल्ली पुलिस से रिटायर वरिष्ठ समाजसेवी शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह तोमर के नेतृत्व में मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें समाज सेवियों ने पौधारोपण में भाग लेते हुए 101 पौधे लगाकर इनकी खुदाई सिंचाई गमी में पानी देने का कार्य करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान मंदिर कमेटी के लोगों ने कहा कि आज अगर हम खुली हवा में बैठे हैं तो यह सब हमारे पेड़ पौधों की देन है। आज यह पौधे बड़े होकर हमें एक दिन छाया देने का भी कम करेगे। इस अवसर पर महिलाओं ने भी पौधारोपण में भाग लिया। दिल्ली पुलिस से रिटायर वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी रविंदर पाल सिंह तोमर का कहना है कि यह मंदिर गांव का ऐतिहासिक मंदिर है। इस प्राचीन शिव मंदिर पर यहां की रेख देख करने की जिम्मेदारी प्राचीन शिव मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने उठाई है। पौधारोपण अभियान में चौधरी नरेश कुमार देवेंद्र सिंह राजू चौधरी अरविंद सिंह संजीव कुमार मुकुट कुमार बिजेंद्र सिंह बलवान सिंह चंद्रपाल सिंह विक्रम सिंह बीरम चौधरी भुरा चौधरी चौधरी बिट्टू चौधरी सुखदेव सिंह आदि ने संकल्प लिया।

# फाइनेशियल बिल 2025 के विरोध में कर्मचारी व पेंशनरों का कलेक्ट्रेट पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाइनेशियल बिल 2025 में पेंशनरी नियमों में किए गए बदलाव के विरोध में मंगलवार को सेवा निवृत कर्मचारी व पेशनर एसोसिएशन ने कलक्ट्रेट पर धरना दिया। एसोसिएशन ने इस संबंध में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबो. धित एक ज्ञापन डीएम का सौंपा। ज्ञापन में सरकार से कर्मचारियों के हित में सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है।

पेंशनर एसोसिएशन के अनुसार फाइनेंशियल बिल 2025 में पेंशनरी नियमों मे किए गए बदलाव व अन्य तरीकों से करोड़ों पेशनरों के हितों पर कुठाराघात हुआ है। पेशनरों का कहना है कि आठवे वेतन आयोग के गठन में देरी से पेंशरों में निराशा का भाव उत्पन्न हो गया है। बताया गया है कि फाइनेंशियल बिल जब कानून के रूप में समाने आया है आरोप है कि इस बिल से पेंशनरों के समूह में भेद पेदा करने का प्रयास किया गया है। आरोप है कि 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का शासनादेश करीब एक सप्ताह की देरी से जारी किया गया। आरोप है कि सरकार पेंशनरों की मंगाई राहत को भविष्य में मंहगाई भत्ते से डी लिंक करना चाहती है। इसके विरोध में मंगलवार को पेंशन. रों ने कलक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। पेंशरों नें फाईनेंशियल बिल 2025 को निरस्त करने आठवे वित्त आयोग के गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने तथा कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षणकी तिथि एवं सिद्धांत में समानता रखने मंहगाई राहत को मंहगाई भत्ते से डी-लिंक न करने तथा कर्मचारियों को परिभाषित लाभ योजना ओपीएस ही प्रदान करने की मांग की है। एसोसिएशन ने इस संबंध में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबो. धित ज्ञापन डीएम को सोंपा ओर पेंशनरों के हित में सकारातजमक निर्णय लेने का अनुरोध किया है। धरना देने वालो में उदयभान सिंह, जितेंद्र तोमर, राजवीर सिंह, कोमव. ीर सिंह स्वराज पाल दुहूण, सुन्दर पाल सैनी, जयपाल सिंह जावला, विरेंद्र सिंह तोमर, राजकुमार मान, यशवीर सिंह तोमर डा.यशवीर सिंह तोमर, शिव ओंकार शर्मा सुरेन्द्र पाल, उमेश चौहान, सत्यवीर सिंह, राकेश यादव, राजकुमार शर्मा, सुखपाल, वीरसेन मलिक, डा.रामवीर सिंह, जगमेघ सिंह पवांर, ओमपाल मलिक, वीर सिंह, कुसुम चौहान, कमला, सुनीता कुमारी, कमलेश अहलावत, सन्तोष, महेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, अखलाक अहमद, यज्ञ दत्त शर्मा, नसरुदीन, जयभगवान, ओंकार तोमर, मूलचन्द शर्मा आदि शामिल रहे।



## एक नजर

# विद्यालयों में भूगोल विभाग ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहर के जनता वैदिक कॉलेज के भूगोल विभाग ने मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर निबंध, पोस्टर, श्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता मे महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह, डा.देवेंद्र पाल सिंह तोमर, डा.श्याम किशोर, भूगोल विभाग के डा.अजय कुमार राम, डा.मधुर यादव, डा.राजेश कुमार दुबे, डा.ललित कुमार शर्मा, तथा डा.रविशंकर, डा.अशोक गौतम, अजय कुमार उपस्थित रहें। प्राचार्य ने बताया कि पृथ्वी दिवस 2024 का विषय है। हमारी पृथ्वी को पुनर्स्थापित करें, जो हमारे ग्रह को हुए नुकसान की भरपाई करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की पहल पर केंद्रित है।

वही दूसरी ओर, बडौत तहसील क्षेत्र के दिन मंगलवार को संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धरती हमारी मां है, हमारा पालन-पोषण करती है अत: हमें भी पृथ्वी रूपी मां का ध्यान रखना चाहिए। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने कहा कि मनुष्य जितना आधु. निक होता जा रहा है। उतना ही प्रकृति से खिलवाड़ करता जा रहा है और अपने ऐश्वर्य के लिए अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है तथा अपने विनाश को आमंत्रित कर रहा है। कार्यक्रम में माधवी शर्मा, नीतू चौधरी और संगीता सहित कई अध्यापकों एवं विधार्थियों ने भी अपने विचार रखे। संचालन सोनम चौधरी ने किया। इस अवसर पर नेहा, सुरेखा तोमर, संजय, अंशु, प्रीति, सीमा चौधरी आदि मौजूद रहे।




# रास्तें में जलभराव की निकासी न होनें से लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना मनीराम बालिका हायर सेकेन्ड्री स्कूल है जिसके रास्ते पर पानी की निकासी न होने के कारण पूरा कीचड रास्ते के बीच में आ जाता है जिस कारण आय दिन बच्चे स्कूल जाते समय गिर जाते है और उनकी ड्रेस खराब हो जाती है जिसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव कोताना से की गयी लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नही हो पाया। वर्तमान में इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी मनीष कुमार यादव, बडौत व खण्ड विकास अधिकारी बडौत से की गई।

इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि गांव में साफ सफाई का कोई कार्य नही किया जा रहा है जिससे रास्तो पर पानी की निकासी ठीक प्रकार से नही होती है। इस मामले को लेकर पंचायत सचिव को कई बार अवगत कराया गया मगर आज तक भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया। इस कीचड़ में चलने से बच्चों की ड्रेस गंदी हो जाती और ग्रामवासियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस दौरान मनीराम पब्लिक स्कूल के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने रोष है। उन्होने कहा कि गांव में जल्द से जल्द सफाई की जाए।



# जिलाधिकारी ने बड़ौत मंडी में संचा. लित गेहूं क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद की जा रही जिसके क्रम में उन्होंने मंगलवार को बड़ौत मंडी में स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जिसमें दो गेहूं क्रय केंद्र संचालित है जिसमें भारतीय खाद्य निगम व खाद्यय रसद विभाग के दो केंद्र संचालित हैं

जिसकी जिलाधिकारी ने केंद्र पर स्थित समस्त उपकरणों को देखा और कहां कि किसान को लंबी लाइन में ना लगे, घट तौली नहीं होनी चाहिए वाटमाफी यंत्र रखा होना चाहिए। पानी की व्यवस्था रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर क्रय प्रक्रिया, किसानों को दी जा रही सुविधाओं तथा माप-तौल व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं क्रय कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, छाया, विश्राम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि क्रय केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। गेहूं खरीद एवं कृषकों के पंजीकरण में प्रगति लाने हेतु समीक्षा बैठक की गयी। गेहूँ खरीद 2025-26 के अन्तर्गत कृषकों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425/-रू.प्रति कु. की दर से निर्धारित किया गया तथा जनपद बागपत में 16 गेहूं खरीद केन्द्र खोले गये है। सरकारी क्रय केन्द्र पर गेहूँ विक्रय से पूर्व पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पजीकरण खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर स्वयं / जनसेवा केन्द्र अथवा गेहू खरीद केन्द्र पर जाकर नि:शुल्क कर सकते है जिसके लिये किसान बन्धु पंजीकरण के समय अपना आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर ही अंकित करायें।

# डीएम ने चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को दी कार्य में सुधार करने की हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरूरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की साफ-सफाई, दवा वितरण, डॉक्टरों की उपस्थिति मरीजों को दी जा रही सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया, परंतु कुछ कमियों की ओर संकेत करते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को समय से उपस्थित रहकर मरीजों को समुचित इलाज और परामर्श देने की हिदायत दी।



# डीएम ने निरीक्षण कर गौशाला में टीनशैड, कैमरा व छत के पंख लगाए जाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद में गौ संरक्षण को संरक्षित रखने और उन्हें अच्छा अल्पाहार हरा, चारा, खल, चौकर छायादार व्यवस्था आदि देने के लिए सरकार कटिबंध है जिस के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को गौआश्रयस्थल बड़ौत का निरीक्षण किया।

गौशाला में 280 गोवंश संरक्षित हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गौवंश छाया के नीचे होने चाहिए। गर्मी धूप में कोई भी गौवंश ना रहे। उन्होंने तत्काल गौशाल में टीन शेड लगवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा गौशाला में कैमरे भी स्थापित कराए जाएं गौशाला में साफ सफाई न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने कहा कि पांच संरक्षक होने के बावजूद भी गौशाला में सफाई नहीं है। यह लापरवाही है इसमें सुधार किया जाए अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला की बाउंड्री वाल को ऊंचा किया जाए। गौवंशों को सुरक्षित व स्वस्थ रखना हम सब की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गौशाला केंद्र पर अधिशासी अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी आदि के नंबर अवश्य लिखें होने चाहिए जिससे की आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंद गौ वंशों के संबंध में सूचना दे सके जिससे कि गौवंश को जरूर पड़ने पर उनकी सेवा की जा सके। मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गौवंश के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था होनी चाहिए जिस टव में पानी होता है। उसकी समय-समय पर साफ-सफाई होती रहनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रकार की पंजिका का भी निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने उपस्थिति पंजीका का स्टॉक पंजीका दानपंजीका चिकित्सा पंजीका आदि रजिस्टरों का अवलो. कन किया और संबंधित को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम बड़ौत मनीष कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मनोज रस्तोगी जेई दीपक पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।



# भीषण गर्मी के साथ लू के थपेड़ों से राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र में सूरज के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं और गर्मी के साथ ही लू के थपेड़े लगने लगे हैं। यहां मंगलवार को अधिकतम तापमान 35डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में लोगों ने गर्मी से बचाव के एहतियात बरतनी शुरू कर दी।

इस दौरान मंगलवार को दिनभर गर्म हवाएं चलती रही जिससे लोगों को काफी परेशान हुई। अभी से लोगों को जून जैसी गर्मी का अहसास होने लगा हैं। दोपहर में चिलचिलाती धूप के साथ 16 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया। बाजारों में चहल-पहल भी कम देखने को मिली। अधिकतर दुकानदार अपनी दुकानों पर दोपहर में आराम करते नजर आए सड़के भी दोपहर में सुनसान नजर आई सड़कों पर 12 बजे के बाद मुसाफिर भी इक्का-दुक्का ही गाड़ियों में सफर करते दिखाई दिए। कोचिंग सेंटर कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं भी अपने चेहरे पर सूक्ति कपड़ा लपेटकर चलते हुए दिखे साइकिल पर सवार होकर छात्राएं इक्का दुक्का नजर आई।

# शिक्षिका ने छात्र-छात्राओं को दी पर्यावरण को स्वच्छ रखने की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में अर्वाचीन इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या मीनाक्षी शर्मा ने छात्र -छात्राओं के साथ मिलकर पृथ्वी की देवी मां वनदेवी की पूजा-अर्चना कर किया।

स्कूली छात्र- छात्राओं ने मां वन देवी को फल, फूल, सब्जियां भेंटकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त करने की प्रार्थना की। साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए संकल्प लिया। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने मां बनदेवी से भविष्य को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए पृथ्वी को प्रदूषण से मुक्त कराने की विनती की। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षिका शिवानी धामा ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ता प्रदूषण आने वाली पीढ़ियों के जीवन के लिए घातक सिद्ध होगा। हमें पृथ्वी, जल,वायु को प्रदूषण रहित बनाना होगा। इसके लिए हम सभी मिलकर दढ़ संकल्प लें कि अपने आसपास प्रदूषण को नहीं फैलने देंगे। कार्यक्रम में शिवानी, चिराग, अवि, कार्तिक, वेदांत, राधा सोनी, दिव्यांशी, माही, कीर्ति, अक्षत, आयुसी, गुंजन, अवनी, सक्षम, कुंज ने मिलकर मां वनदेवी की पूजा-अर्चना कर पृथ्वी को प्रदूषण से कराने की प्रार्थना की।



**सूचना**

मेरे पहचान पत्र सं. BGK1072370 में मेरा नाम संयोग दर्ज है मुझे पूर्व से संयोग के नाम से जाना व पहचाना जाता था। अब मैने अपने नाम में संशोधन करा लिया है मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संगीता देवी पत्नी महिपाल सिंह दर्ज हैं भविष्य में मुझे संगीता देवी पत्नी महिपाल सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए।
संगीता देवी पत्नी महिपाल सिंह निवासी ग्रास तुगाना तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रविन्द्र व उसकी पत्नि प्रिया उर्फ गुड्डन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
धर्मवीर पुत्र बल्लू निवासी ग्राम अमीपुर बालैनी थाना बालैनी जनपद बागपत।

# कार्यालय नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी ( बागपत )

पत्रांक-३८/ न.प.अ.मं./२०२५-२०२६ दिनांक २१.०४.२०२५

## ई-टेंडर/ई-प्रोक्युरमेन्ट सूचना

नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी में 15वें वित्त आयोग/02 प्रतिशत अवस्थापना निधि योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने है। जिसमें दिनांक 13.05.2025 को समय 03:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर निविदायें शर्तों के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 23.04.2025 से दिनांक 13.05.2025 तक दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगें। सभी निविदादाता दिनांक 13.05.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। निविदा खोले जाने की दिनांक को कोई अवकाश हो तो निविदायें अगले कार्यदिवस को खोली जायेगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय में देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 38/NPAMT/2025-26 |
| Publish Date and Time for RFT | 23/04/2025 to 13/05/2025 12:00 PM |
| Last Date and Time for Submission of E-Tender | 13/05/2025 03:00 PM |
| Date Opening Ten | 14/05/2025 04:00 PM |
| Place of Opening of E-Tender | Executive Officer, Office Nagar Panchayat Agarwal Mandi Tatiri, Baghpat (U.P) |
| E-Tender document Processing | As per tender List |

( हरिलाल पटेल )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी ( बागपत )

( सपना )
अध्यक्ष
नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी ( बागपत )

# भैंस बिक्री के पैसों को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, एक दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव बझेड़ा कलां में भैंस बिक्री के पैसों को लेकर हुए विवाद में एक महिला समेत 12 लोग घायल हो गए। सोमवार शाम को राकिब और जमशेद के बीच पैसों को लेकर कहासुनी हुई। गांव वालों ने दोनों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया।
रात को दोनों पक्षों के लोग फिर आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। इस दौरान मुन्फैद, माजिद, जैद, फुरकान, जावेद, परवेज, अफरोज समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को सरक. ारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अभी तक किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।





# नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** हापुड़ के थाना धौलाना क्षेत्र के गांव ककराना में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान रितु के रूप में हुई है।
रितु की शादी 26 अप्रैल 2024 को गांव ककराना निवासी शिवम के साथ हुई थी। मृतका के पिता सोनू ने बताया कि वे जिला बुलंदशहर के थाना डिबाई के गांव ओगढ़ के रहने वाले हैं।
उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। शादी के कुछ ही महीनों में रितु की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।
पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


मृतक रितु का फाईल फोटो

# टोल टैक्स न देने पर ट्रक चालक व टोलकर्मी में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** पिलखुवा में राष्ट्रीय राजमार्ग 9 स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर विवाद हो गया। एक ट्रक चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर टोलकर्मी की पिटाई कर दी।
घटना सोमवार रात की है। एक ट्रक हापुड़ से गाजियाबाद जा रहा था। ट्रक के फास्टैग में पैसे नहीं थे। टोलकर्मी ने चालक से टोल शुल्क मांगा। इस पर चालक ने माल की बिल्टी दिखाकर गाड़ी आगे बढ़ाने की जिद की। टोलकर्मी के मना करने पर चालक ने उससे बदसल. की शुरू कर दी। रात करीब 10 बजे चालक अपने छह साथियों के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचा। सभी ने मिलकर टोलकर्मी की पिटाई शुरू कर दी। टोलकर्मी ने अपनी जान बचाने के लिए केबिन में छिप गया। हमले में वह घायल हो गया। अन्य टोलकर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। टोल प्लाजा प्रोजेक्ट हेड अमित सिंह ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी है। पिलखुवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि शिकायत मिलते ही आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि लिखित शिकायत मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# बदमाशों ने रैपिडो कार चालक से की लूटपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** क्षेत्र में एक कार चालक के साथ लूटपाट की वारदात सामने आई है। पीड़ित चालक पवन कुमार अपनी अर्टिगा कार को रैपिडो ऐप पर चलाते हैं। घटना रात करीब 2:10 बजे की है। चार अज्ञात व्यक्तियों ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से मसूरी तक की बुकिंग की। मसूरी पहुंचने पर उन्होंने पिपलैडा तक जाने की बात कही। उनका कहना था कि रात में कुत्तों और रास्ते में भरे पानी की वजह से पैदल जाने में परेशानी होगी।
जब चालक पिपलैडा मदरसे की गली में गाड़ी ले जा रहा था, तब करीब 2:50 बजे बदमाशों ने उससे मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और पैन कार्ड छीन लिए। इसके बाद उन्होंने चालक को धक्का देकर गाड़ी से बाहर निकाल दिया और कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। बुलंदशहर के पहासू थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी पवन ने धौलाना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## एक नजर

# 9 सरकारी अस्पतालों में शुरू हुए ओआरएस कॉर्नर, मरीजों को मिल रहा मुफ्त घोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** बढ़ती गर्मी और हीटवेव से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अहम कदम उठाया है। राज्य शासन के निर्देश पर जिले के 9 प्रमुख सरकारी अस्पतालों में ORS कॉर्नर बनाए गए हैं। इन कॉर्नर पर मरीजों और तीमारदारों को मुफ्त में ठंडा पानी और ORS के पैकेट दिए जा रहे हैं।
इससे उनके शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी नहीं होगी। जिला संयुक्त चिकित्सालय हापुड़ समेत धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिम्भावली, पिलखुवा, सपनावत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा शुरू की गई है। CHC प्रभारी डा. महेश चंद के अनुसार यह पहल गर्मियों में लोगों को बड़ी राहत देगी। इससे हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बचा जा सकेगा। अस्पताल आने वाले मरीजों को सिरदर्द, कमजोरी, चक्कर और निर्जलीकरण से तुरंत राहत मिल सकेगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही हल्के और सूती कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने और मसालेदार भोजन से बचने की हिदायत दी है। विभाग ने शरीर को हाइड्रेटेड रखने पर विशेष जोर दिया है।

# अभिषेक पांडेय को नियुक्त किया हापुड़ का 16वां आईएएस अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन ने अभिषेक पांडेय को हापुड़ का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया है। वह जिले के 16वें डीएम के रूप में कार्यभार संभालेंगे।
2016 बैच के आईएएस अधिकारी पांडेय ने प्रेस वार्ता के दौरान बात. चीत में अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी विभागों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। डीएम पांडेय ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। अभिषेक पांडेय को यूपी के तेज-तर्रार अफसरों में गिना जाता है। उन्होंने 2017 में गाजीपुर में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट के रूप में अपना करियर शुरू किया। इसके बाद कुशीनगर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और 2020 में बुलंदशहर में सीडीओ के पद पर कार्य किया। हापुड़ आने से पहले वह मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।



# स्कूल कर्मचारी के घर से लाखों की चोरी, मालिक व ड्राइवरों पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** कपूरपुर थाना क्षेत्र स्थित श्रीचंद इंटरनेशनल स्कूल में एक बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। स्कूल मैनेजमेंट में कार्यरत महिला कर्मचारी के घर से लाखों का सामान चोरी हो गया।
सिकंदराबाद निवासी सपना ने स्कूल मालिक अमित चौहान और दो ड्राइवरों कृष्णा व सलीम पर चोरी का आरोप लगाया है। सपना स्कूल परिसर में बने आवास में रहती हैं। 18 अप्रैल को वह सुबह 11 बजे मायके गईं और उनके पति एक शादी में गए थे। स्कूल की चाबी मालिक और दोनों ड्राइवरों के पास थी। अगले दिन मालिक ने फोन कर चोरी की सूचना दी और कमरा खाली करने को कहा। घर से 7 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी, 5 लाख रुपये नकद, 32 इंच का एलईडी टीवी, मिक्सी, बर्तन, महंगी साड़ियां और कैमरा चोरी हो गए। पीड़ित दंपति का आरोप है कि स्कूल मालिक ने उनकी चार महीने की तनख्वाह भी रोक रखी है। शिकायत करने पर मालिक ने 15-20 लोगों के साथ धमकी दी और उल्टा फंसाने की बात कही। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। कपूरपुर थाना प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# पृथ्वी दिवस पर स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
प्रधानाचार्य मंजु चौधरी ने कहा कि यह दिवस हमें धरती की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाने की याद दिलाता है। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग और वनों की कटाई जैसी समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने भारतीय ऋषि परंपरा माता भूमि: पुत्रो *हं पृथिव्या: का उल्लेख करते हुए धरती को हरा-भरा और स्वच्छ रखने का आहवान किया। कार्यक्रम का आयोजन देव मैमोरियल एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव, योगेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, ब्रज सिंह, ओमवीर सिंह, ममता त्यागी और अब्दुल रऊफ सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# पथराव व गोलीबारी में एक नाबालिग समेत 21 गिरफ्तार, 39 पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में स्थित गांव सैना में दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों में मारपीट के साथ पथराव और गोल. ीबारी तक की नौबत आ गई।
सीओ गढ़ वरुण मिश्रा के अनुसार, थाना प्रभारी एसआई केपी सिंह की शिकायत पर 39 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गोलियां चलाईं। घटना से गांव में तनाव फैल गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पीएसी बल को तैनात कर दिया। पहले पक्ष में बाबू शोहराब, शाकिर और नवा. जिश शामिल हैं। दूसरे पक्ष में अकबर, अब्दुल्ला और उम्मेद सहित कई लोग हैं। अधिकांश आरोपी गांव सैना के स्थानीय निवासी हैं। एक आरोपी अनस अमरोहा के गजरौला का रहने वाला है। पुलिस ने सभी आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता और आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों से लाठी-डंडे, लोहे की रॉड, फरसे और ईंटें बरामद की गई हैं। पुलिस ने एक किशोर सहित 21 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।




# गर्मी ने लोगों को किया परेशान पारा पहुंचा 39 डिग्री सेल्सियस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** मंगलवार को गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। अधि. कतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह तापमान अप्रैल माह के औसत से अधिक है। उमस और तपती धूप के कारण लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है।
सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया। दोपहर के समय सड़कें सूनी दिखाई दीं। लोग अपने जरूरी काम सुबह या शाम के समय निपटा रहे हैं। गर्मी के कारण बिजली और पानी की खपत बढ़ गई है। कई इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान और बढ़ने की चेतावनी दी है। विभाग ने लोगों को लू से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से पानी अधिक पीने की अपील की है। साथ ही हल्के और ढीले कपड़े पहनने को कहा है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। धूप में ज्यादा समय न बिताने की हिदायत दी गई है।



# एएसपी ने कोतवाली पिलखुवा का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने कोतवाली पिलखुवा का औचक निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने औचक निरीक्षण करते हुए अर्दली रूम रिकॉर्ड रूम की कार्यप्रणाली और लंबित मामलों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम को लंबित जांचों, प्रार्थना पत्रों और जन शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ निपटाने के सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी मामलों में सबूतों का वैज्ञानिक विश्लेषण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में कोई कोताही न रहे।
निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने के रिकॉर्ड और अर्दली रूम में दर्ज मामलों की फाइलों का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से हत्या, चोरी और महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मामलों की प्रगति पर चर्चा की और इन्हें प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। साथ ही, उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि आम नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित पेट्रोलिंग और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए। इसके अलावा, उन्होंने जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया।



# कॉलिज में 65 छात्रों को शोध पद्धति व आंकड़ा संग्रह की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के डी कॉलेज सिंभावली के अर्थशास्त्र विभाग में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सामाजिक विज्ञान के अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए रिसर्च प्रोजेक्ट तैयार करने के विषय पर केंद्रित थी।
कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय गर्ग ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। मुख्य वक्ता डा. भवनीत सिंह बत्रा ने छात्रों को रिसर्च प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। डा. बत्रा, जो डीएन कॉलेज गुलावठी के अर्थशास्त्र विभाग से हैं, ने बी.ए. के छात्रों को प्रोजेक्ट के विभिन्न चरणों से अवगत कराया। उन्होंने प्रश्नावली तैयार करने और प्राथमिक आंकड़े एकत्र करने की विधियों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में केडी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर रविराज सिंह ने स्थानीय स्तर पर शोध के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यशाला में कुल 65 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डा. जी.के. सिंह, डा. गोविंद पांडे और डा. अजय कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# महंगाई व बेरोजगारी पर सपा का विरोध प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हापुड़ में जिला. धिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में राज्यपाल को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर में हुई 50 रुपए की बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चिंता जताई। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली-लखनऊ रूट की रोडवेज बसों को रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के अंदर से चलाने की मांग की।
जिला उपाध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली और किताबों की बढ़ती बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी की गई। ज्ञापन में सरक. ारी स्कूलों में 300 से 500 रुपए तक के अवैध प्रवेश शुल्क पर रोक लगाने की मांग की गई। हापुड़ नगर की खराब सफाई व्यवस्था, नालियों की दुर्दशा और आवारा जानवरों की समस्या को भी उठाया गया। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल, प्रदेश सचिव इकबाल कुरैशी, महिला सभा जिलाध्यक्ष रेशमा यादव समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया।



# सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया। सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में 74 वर्षीय व्यक्ति के पेट की जांच में कैंसर (रेट्रोपेरिटोनियल लाइपो. सरकोमा) का पता चला, जो पेट में काफी दूर तक फैला हुआ था। कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. राजीव कुमार मन्जुमदार और उनकी टीम ने सफल ऑपरेशन कर ट्यूमर को निकाला। सर्जरी टीम में डा. शालिनी जैन, डा. राजेश बहादुर समेत कई विशेषज्ञ शामिल थे। एनेस्थीसिया विभाग से डा. लोक. ेश गुप्ता व डा. कविता ने भी सहयोग दिया। इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन डा. मयंक शर्मा, वाइस चेयरपर्सन सुषी शर्मा, निदेशक डा. बी.के. गौतम आदि ने टीम को बधाई दी।



# रेलवे ट्रैक पर मिला फैक्ट्री कर्मी की पत्नी का शव

## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फैक्ट्री कर्मी की पत्नी का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैल गयी। शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते जमकर हंगामा किया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पट्टी खादर निवासी स्व.संतराम सिंह की 34 वर्षीय बेटी रितु की शादी साल 2009 में अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी अशोक कुमार के साथ हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह अशोक और रितु के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद अशोक डिडौली क्षेत्र में हाईवे स्थित फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए चला गया। पति के घर से जाने के बाद रितु ने खाना बनाकर दोनों बच्चों को स्कूल भेज दिया। दो घंटे बाद करीब 10 बजे रितु का शव गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। रितु के शरीर पर चोटों के भी निशान थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, शव को मोर्चरी भेज दिया। वहीं, मृतका के मायके वाले भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। ससुराल वालों पर हत्या कर शव को ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पति अशोक का कहना है कि रितु की खेत पर जाते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मायके पक्ष की ओर से मिलने वाली तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**■ पीएम रिपोर्ट से खुलेगा राज**

# विवाह मंडप पहुंच रुकवाई प्रेमिका की शादी

## कोर्ट मैरिज के बाद युवती के परिजन दूसरी जगह कर रहे थे शादी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कोर्ट मैरिज के बाद परिजनों ने युवती की जबरन शादी कराने का प्रयास किया। पुलिस के साथ बैंकेट हाल पहुंचे प्रेमी ने जमकर हंगामा किया। जबकि युवती भी उसी के साथ जाने को राजी हो गयी।

दुल्हन बुलंदशहर की निवासी थी। उसका दिल्ली में नौकरी करने वाले अपने शहर के ही एक युवक के साथ प्रेमप्रसंग चल रहा था। परिजनों से छिपकर एक साल पहले दोनों कोर्ट मैरिज कर चुके थे। वहीं, बेटी के प्रेमप्रसंग की भनक लगने पर परि. जनों ने उसका रिश्ता अमरोहा शहर निवासी अपनी पसंद के युवक के साथ तय कर दिया। रविवार को उसकी शादी होनी थी। परिजनों का खतरा था कि अगर उन्होंने बुलंदशहर से शादी की तो बेटी का प्रेमी वहां पहुंचकर हंगामा कर सकता है लिहाजा उन्होंने शादी के लिए अमरोहा चुना और चुपचाप शहर में आकर बिजनौर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल बुक कर दिया। बीते तीन दिन से परिवार के लोग बैंक्वेट हॉल में ही रुककर शादी की तैयारियों में जुटे थे। वहीं, युवती इस शादी का विरोध कर रही थी लेकिन परिजनों उसकी बात मानने के लिए तैयार नहीं थे। रविवार रात बैंक्वेट हॉल में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। बारात भी आ चुकी थी, खाना चल रहा था। बारात चढ़त के बाद जयमाला की तैयारी शुरू हो गई। स्टेज पर बैठा दूल्हा दुल्हन के आने का इंतजार कर रहा था। लेकिन, इससे पहले वहां दुल्हन के प्रेमी की एंट्री हो गई। पुलिस को साथ देख शादी समारोह में हंगामा हो गया। प्रेमी ने आरोप लगाया कि जिस दुल्हन बनी बैठी युवती उसकी पत्नी है, दोनों की एक साल पहले कोर्ट मैरिज हो चुकी है। दुल्हन की पहली शादी का पता चलने दूल्हे समेत उसके परिजनों के चेहरे का रंग भर बदल गया। पुलिस ने जब दुल्हन से पूछा तो उसने बताया कि परिजन जबरन उसकी शादी करा रहे हैं, वह प्रेमी के साथ जाना चाहती है।

# शिक्षक की मौत के बाद शिक्षिका भी हुई गायब

## रेप पीड़िता का मोबाइल भी बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रेप के आरोपी फैसल की मौत के बाद पीड़ित शिक्षिका का कोई अता-पता नहीं है। उसका मोबा. इल भी बंद आ रहा है। बिना किसी सूचना दिए गायब होने पर पिछले तीन दिन से कॉलेज रजिस्टर में भी गैर हाजिरी लग रही है। पुलिस की जांच के बीच साथी शिक्षकों ने पूरे मामले में चुप्पी साध रखी है। दबी जुबान में मंगलवार को भी लोग दोनों के बीच चले प्रेमप्रसंग के साथ विवाद का चर्चा करते दिखे। वहीं, मृतक फैसल के घर के बाहर एहतियातन पुलिस कर्मियों की तैनाती बरकरार रखी गई है।

मूलरूप से बरेली निवासी एक महिला की शादी हसनपुर नगर के रहने वाले एक विकलांग शिक्षक के साथ हुई थी। एक हादसे में शिक्षक की मौत होने पर मृतक आश्रित के रूप में उनकी पत्नी की नौकरी लग गई थी। फिलवक्त महिला की तैनाती नौगावां सादात क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में बतौर विज्ञान शिक्षिका चल रही है। यहां पर संविदा पर पढ़ाने वाले क्षेत्र के एक गांव निवासी शिक्षक फैसल से शिक्षिका का प्रेम प्रसंग हो गया था। नजदीकियां बढ़ने पर दोनों ने चुपचाप निकाह कर लिया था। इसके बाद शिक्षिका ने कॉलेज के पास ही एक किराए का मकान लेकर अपने दो बच्चों के साथ यहीं पर रहना शुरू कर दिया था। मई 2024 में दूरियां बढ़ने पर शिक्षिका ने फैसल पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी फैसल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब 48 दिन जेल काटने के बाद रिहा हुआ फैसल पीड़ित शिक्षिका पर तभी से मामले में फैसला करने का दबाव बना रहा था। इतना ही नहीं वह रूठी हुई शिक्षिका को मनाने और धमकाने के लिए अपनी इंस्ट्राग्राम, फेसबुक आईडी के अलावा व्हाट्सएप स्टेटस पर इमोशनल और धमकी भरी रील लगाता था। इसी बीच शनिवार दोपहर कॉलेज पहुंचे फैसल ने शिक्षिका की कनपटी पर पिस्टल तान दिया था। विरोध होने पर वह वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया था। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। फुटेज के आधार पर शिक्षिका ने आरोपी फैसल के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी जानकारी होने पर फैसल ने जहर का सेवन कर लिया। उपचार के दौरान रविवार को दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

# सांड ने हमला कर महिला को मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रहरा।** खेत पर चारा काट रही महिला पर सांड ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज को हसनपुर ले जाते रास्ते में मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रूखालू की है। यहां नरेशपाल का परिवार रहता है। मंगलवार को पति-पत्नी खेत से पशुओं के लिये चारा लेने गये थे। दोनों को चारा काटते हुए अभी कुछ ही देर हुई थी एक आवारा सांड आ धमका। उसने इन्द्रवती पर हमला कर दिया। उसकी चीख निकाल गई। पति ने पत्नी को बचाने के लिये शोर मचाया तथा स्वयं सांड का भगाने में लग गया। आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह सांड को भगाया। लेकिन तब तक इन्द्रवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन इलाज के लिये उसे हसनपुर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में इन्द्रवती(50) ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई तथा शव को कब्जे में लेकन पीएम के लिये भेज दिया। मृतका अपनी पीछे दो बेटे और दो बेटी छोड़ गई है। बताते चले कि क्षेत्र में आवारा पशुओं का जबरदस्त आतंक है। आये दिन वह किसी ने किसी की जान ले रहे है।

### पति के साथ खेत पर चारा लेने गई थी



**मेरठ के सौरभ हत्याकांड की तरह ही दी पति की हत्या करके शव सूटकेस में भरने की धमकी**

# शादी के तीन सप्ताह बाद ही पत्नी मामा के साथ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पति को काटकर बैग में भरने की धमकी देकर नगर निवासी एक विवाहिता ढ़ाई लाख के रूपये के आभूषण और 25 हजार की नकदी लेकर मामा के साथ फरार हो गई। विवाहिता के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि उत्तर प्रदेश सहित देश भर के कई स्थानों से महिलाओं के घर की दहलीज लांघकर प्रेमी, दामाद और रिश्तेदारों के साथ भागने की घटनाएं सामने आ रही है, साथ ही कई जगहों पर पत्नियों ने प्रेमी के संग जिंदगी बिताने के चक्कर में पति को दफन कर दिया है। मेरठ में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की न केवल हत्या की बल्कि उसके शव को एक नीले ड्रम में भरकर ऊपर से सीमेंट भर दिया। इस जघन्य हत्याकांड की देशभर में कड़ी निंदा हुई। इसके बाद मेरठ में ही एक महिला ने अपने प्रेमी की मदद से पति की गला घोंटकर हत्या कर दी और एक सांप पति के शव के पास छोड़ दिया ताकि यह साबित हो सके कि उसके पति को सांप ने डसा है, मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट हुआ तो पुलिस ने घटना का खुलासा किया। इसी कड़ी में अब ऐसा ही एक ओर ताजा मामला अमरोहा से सामने आया है। जहां एक विवाहिता रिश्ते नातों को दरकिनार करते हुए अपने मामा के साथ फरार हो गई। नगर के एक मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी 17 मार्च 2025 को बछरायूं थाना क्षेत्र के एक गांव में की थी। नवविवाहिता अपने पति के साथ 8 अप्रैल मंगलवार को गजरौला में ललिता मंदिर पर मेला देखने आई थी। बताते हैं कि यहीं से नवविवाहिता अपने मामा के साथ फरार हो गई। आरोप है कि वह अपने साथ 25 हजार रुपए नकद और ढाई लाख रुपए के आभूषण भी ले गई। मंगलवार को थाने में तहरीर देने आए योगेश शर्मा ने बताया कि उसको जब संदेह हुआ कि उसकी पत्नी अपने मामा से अधिक बातचीत करती है तो उसने विरोध किया, जिस पर उसने धमकी दी थी कि अगर उसे मामा से बात करने से रोका तो मेरठ की घटना की तरह उसके टुकड़े कर के और काटकर बैग में पैक कर देगी। उधर इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने मामा-भांजी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

वहीं समाज में इस तरह की घटनाएं जिस तेजी के साथ बढ़ रही हैं, उससे रिश्तों का तानाबाना भी कमजोर होता जा रहा है। शादी जिसे पुरातन काल से एक बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी माना जाता रहा है, अब यह रिश्ता भी ऐसी घटनाओं से कलंकित होता जा रहा है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जिस दिन इस तरह की घटनाएं सामने नहीं आती हों। सोशल मीडिया पर आजकल ऐसी ही घटनाओं की भरमार देखने को मिलती है।

## लड़की भगाने में फंसे दो सगे भाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** युवक युवती को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने का आरोप लगाया गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती को दूसरी बिरादरी का युवक 16 अप्रैल की रात को अपने साथ बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों के द्वारा युवती को तमाम रिश्तेदारियों व अन्य स्थानों पर तलाश किया गया। लेकिन उसका कहीं सुहाग नहीं लग सका। पिता की तहरीर पर पुलिस में गौतम पुत्र महेश वह योगेश पुत्र महेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हड़ताल को लेकर दो गुटों में बंटे वकील

## प्रदर्शन कर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील में भ्रष्टाचार और अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी है। अधिवक्ताओं की हड़ताल को लेकर अब सभी अधिवक्ता एक पक्ष में नहीं दिख रहे हैं। चर्चा है कि कुछ अधिवक्ता हड़ताल के पक्ष में है जबकि कुछ हड़ताल खोलने पर सहमति जाता रहे हैं। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की तहसील में समस्त पटल पर भ्रष्टाचार का आरा. ेप लगाया।

गौरतलब है कि बीते कई दिनों से बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की हड़ताल चल रही है। अब चर्चा है कि बार एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारी हड़ताल खोलने के पक्ष में है जबकि तमाम अधिवक्ता ऐसे हैं जो 8 सूत्रीय मांग पूरी होने के बाद ही हड़ताल खोलने की बात कह रहे हैं। बताते हैं कि मंगलवार को बार एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारी हड़ताल के विषय में अधिकारियों से वार्ता कर रहे थे। इसकी जानक. ारी पर अन्य अधिवक्ता भी वहां पहुंच गए और एसडीएम दफ्तर के बाहर भ्रष्टाचार और गलत व्यवहार को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। एडवोकेट अली रफी और अनिल भटनागर का आरोप था की तहसील में समस्त पटल पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है। बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी अधिवक्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे। अधिवक्ताओं की हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के संबंध में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव से वार्ता करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल भटनागर ने कहा कि तहसील में समस्त पटल पर भ्रष्टाचार व्याप्त है वह इस संबंध में नियुक्ति सचिव और शासन को पत्राचार करेंगे

# कोर्ट के आदेश पर 16 माह बाद चोरी की रिपोर्ट

## पंचायत भवन में हुई चोरी का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पंचायत भवन में हुई चोरी की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर 16 माह बाद दर्ज की गयी है। पुलिस से परेशान होकर ग्राम प्रधान ने न्यायालय की शरण ली थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव अदलपुर ताज से जुड़ा है। यहां रहने वाले अनिल पाल की पत्नी योजना वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। घटना 16 दिसंबर 2023 की रात की है। गांव में स्थित पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरों ने इन्वर्टर, बैट्रे, प्रिंटर और सीसीटीवी कैमरे के बॉक्स समेत अन्य सामान चोरी कर लिया था। ग्राम प्रधान योजना को चोरी की जानकारी अगले दिन सुबह पंचायत भवन पहुंचने पर हुई थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने उसी वक्त कैलसा चौकी पहुंचकर घटना की तहरीर दी। इसके बाद तत्कालीन दरोगा ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और एफआईआर दर्ज कर जल्दी घटना का खुलासा करने का आश्वासन देकर वहां से चले गए। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि 48 घंटे गुजरने के बाद भी पुलिस स्तर पर इस मामले में कोई कार्रवाई नही की गई। लिहाजा, ग्राम प्रधान ने पहले थाने, फिर सीओ कार्यालय और आखिर में एसपी दफ्तर तक अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन अड़ियल रूख पर अड़ी थाना पुलिस किसी सूरत एफआईआर दर्ज करने के लिए तैयार नहीं हुई। आखिर में ग्राम प्रधान को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। चोरी की घटना को करीब 16 महीने गुजर चुके हैं, पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर पंचायत भवन में हुई चोरी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

**■ प्रधान को लगातार टरकाती रही पुलिस**

# भीषण गर्मी में स्कूलों का समय बदलने की मांग

## शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक बेलफेयर एसोसिएशन ने बीएसए को ज्ञापन सौंप भीषण गर्मी में बेसिक विद्यालयों का समय बदलने की मांग की।

मंगलवार को एसोसिएशन से जुड़े शिक्षकों ने बीएसए मोनिका को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। बेसिक विद्यालयों के खुलने का समय सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 2 बजे तक है। लेकिन इस समय बिजली गुल रहती है। जिस कारण बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि शिक्षक भी परेशान है। इसके अलावा दोपहर के समय चलने वाली लू के कारण बच्चों के बीमार होने का खतरा भी अधिक रहता है। गर्मी का प्रकोप बढ़ने से विद्यालयों में बच्चों की संख्या में भी लगातार कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की परेशानी को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाये। इससे बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी नहीं होगी। ज्ञापन सौंपने वालो में मुकेश पंवार, नीरज, सैय्यद रहवर रजा, डा. विवेक, नदीम अंसारी, शहवाज खान, आदि शामिल थे।



■ अमरोहा। बीएसए कार्यालय पर ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

# महिला सहित चार को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोशल मीडिया पर शेयर किए गए शादी के फोटो पर कुछ युवकों ने भद्दे कमेंट्स कर दिए, जब इसका विरोध किया तो युवकों ने लाठी डंडो से मारपीट करते हुए महिला सहित चार लोगों को घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर में शाहिद का परिवार रहता है। शाहिद के पुत्र आसिफ की शादी रविवार को थी, परिवार के लोगों ने शादी का फोटो इंस्टाग्राम पर डाल दिया था। गांव के ही रहने वाले कुछ दबंग प्रवत्ति के युवकों ने उस फोटो के प्रति भद्दे कमेंट्स कर दिए। जब इस बात का पता शाहिद को चला तो उसने अपने परिवार के आसियान, शमशाद और सकीना को साथ लेकर विरोध किया। जिस पर आस मोहम्मद, चांद मोहम्मद, इस्तकार आदि ने लाठी डंडों से हमला करके उन्हें घायल कर दिया। घायल पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। वहीं कुछ लोगों ने पंचायत के माध्यम से भी मामला निबटाने की कोशिश की, मगर ऐसा न हो सका।

**■ सोशल मीडिया पर की भद्दी टिप्पणी का विरोध जताने पर दंबगो ने किया हमला**

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से ग्रामीण घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गजरौला से वापस घर जाते समय बाइक सवार व्यक्ति कृपाल पुत्र जगरूप सिंह निवासी मोहल्ला महेंद्र नगर थाना रजबपुर झनकपुरी गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से घायल हो गए। घायल को फर्स्ट एड के बाद हॉयर सेंटर रेफर किया गया।

# भुगतान न हुआ तो संसद भवन का करेंगे घेराव

## ठगी पीड़ितों ने दी चेतावनी, ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने बुडस एक्ट 2019 का उल्लंघन करने वाले राज्यों को अपराधी घोषित करते हुए उसका विरोध करने के साथ ही 1 मई को संसद भवन नई दिल्ली का घेराव करने की चेतावनी दी है।

मंगलवारी को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने ब्लॉक में बैठक करने के बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि देश में पूंजी स्कीम जमा योजनाये चला रही करीब 3 लाख कम्पनीज समिति निधि फर्म स्वयं सहायता समूह एनबीएफसी को सरकार ने बंद कर दिया है। संसद ने बुडस एक्ट 2019 बनाकर सरकार ने उनके पीड़ितों के जमा धन के दोनों से तीन गुना भुगतान की जिम्मेदारी सरकार को दी थी। उन्होंने कहा कि भुगतान आवेदन शिविरों का आयोजन करवाये ताकि निर्दोष एजेंट्स का उत्पीड़न पलायन और आत्महत्याओं को रोका जा सके। संस्थानों में काम करने वाले बेरोजगार हुए कथित एजेंट को रोजगार सुरक्षा सम्मान मुआवजा दिया जाये ताकि करोड़ों एजेंट्स भय मुक्त सम्मान युक्त जीवन जी सके। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 30 अप्रैल तक सभी तहसीलों में भुगतान शिविर लगाकर ठगी पीड़ितों का भुगतान नहीं किया और बुडस एक्ट 2019 के पालन को सुनिश्चित नहीं किया तो वह इसका उल्लंघन करने वाले राज्य को अपराधी घोषित करते हुए उसका विरोध करेंगे और स्थिति की मांग करते हुए एक मैसेज संसद भवन नई दिल्ली का घेराव किया जाएगा इस अवसर पर मनोज कुमार, डॉक्टर मुन्ना, डॉक्टर हनीफ, मास्टर राकेश चौहान, शशि चौहान, कमलेश, डॉक्टर अली हसन, जगदीश सिंह, थान सिंह, डॉक्टर लाखन सिंह, वेदपाल सिंह आर्य, सो. हनलाल सिंह, प्रेम सिंह, दिलशाद, अबरार अहमद, साबिर अली, मुनेश कुमार आदि मौजूद थे।

## पृथ्वी दिवस पर लें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** संविलियन विद्यालय टोकरा पट्टी में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इको क्लब के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, साथ ही बच्चों को नजदीकी नर्सरी में ले जाकर पेड़ पौधे के बारे में जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने बच्चों को पृथ्वी को संरक्षित रखने, पेड़ पौधों को महत्तव, मिट्टी के महत्व, ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ ही बच्चों को भू परीक्षण यंत्र द्वारा मिट्टी की उपजाऊ क्षमता पहचानने के संबध में ज्ञान दिया गया। बच्चो के मध्य ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक पंकज कुमार शर्मा, सुमन कंडारी, शीतल वर्मा, टीना धनकड़, मीनाक्षी वशिष्ठ, नीरज, मोहम्मद आरिफ समेत इको क्लब के बच्चे शामिल रहे।

**■ खंड शिक्षा अधिकारी ने किया संबोधित**

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चकबन्दी विभाग की हुई समीक्षा बैठक सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी प्रक्रिया के अधीन ग्रामों की गहन समीक्षा की गयी।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी प्राधिकारियों को निर्देशित किया कि जो ग्राम प्रारम्भिक स्तर पर हैं, ऐसे ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रियाएं त्वरित गति से संचालित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में दिये गये लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाये। उन्होंने सम्बन्धित सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देशित किया कि विनिमय अनुपात निर्धारित करते हुए हाईवे व ग्राम के नजदीक की कीमती भूमि को नियमानुसार चकबन्दी से अलग रखा जाये, जिससे अनावश्यक विवाद उत्पन्न न हो। विनिमय अनुपात सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप चकबन्दी से



सम्बन्धित सभी वादों का निस्तारण ग्राम अदालतों का आयोजन कर ग्राम में ही किया जाये। किसी भी कृषक को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत भ्रष्टाचार की शिकायत किसी भी दशा में सहन नहीं की जायेगी। उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टोलरेंस नीति के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चकबन्दी आयुक्त के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक ग्राम में समय समय पर ग्राम चौपाल व ग्राम अदालत का आयोजन करते हुए कृषकों को चकबन्दी के सम्बन्ध में सुना जाये। कृषकों के हित में चकबन्दी योजना हेतु सभी के सुझाव लिये जाये। सभी वादों का निस्तारण नियमानुसार समय से किया जाये। चकबन्दी प्रक्रियाएं सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता को सुनते हुए किया जाये और चकबन्दी प्रक्रिया में तेजी लायी जाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित करते हुए कहा कि सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा चक निर्माण के विरूद्ध यदि कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो सम्बन्धित चकबन्दी अधिकारी ग्राम में जाकर चक आपत्तियों की सुनवाई करें तथा यथासम्भव समझौते के आधार पर आपत्तियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम गुलड़िया टयूला, दिबदिबा व बिढ़वानगला पुराने ग्राम हैं इनमें से ग्राम बिढ़वानगला में चक निर्माण कार्य किया जाना है। इस ग्राम में ग्राम सभा की भूमि पर त्रुटिपूर्ण तरीके से कृषकों के नाम दर्ज हो गये थे, जिन्हें चकबन्दी अधिकारी द्वारा अपने आदेश से पुनः ग्राम सभा के खाते में दर्ज कर दिया गया है। इस वजह से कुछ कृषकगण चकबन्दी का विरोध कर रहें है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्राम की प्रगति को आगे बढ़ाये। उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया कि अपने समस्त अधीनस्थ स्टाफ पर प्रभावी नियन्त्रण रखते हुये वार्षिक लक्ष्य पूरा करें। जिलाधिकारी ने माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित याचिकाओ में प्रभावी पैरवी कर ससमय प्रतिशपथ-पत्र दाखिल करने हेतु निर्देशित किया। आईजीआरएस व विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का परिवादी को सुनकर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित समस्त चकबंदी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चकबन्दी के माध्यम से भूमि विवादों के निपटारे हेतु विभाग को जिम्मेदारी दी गयी है। चकबन्दी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिससे कृषकों का हित जुड़ा होता है, इसलिये निष्पक्ष होकर कार्य करें, जिससे चकबन्दी योजना का लाभ आम कृषकों तक पहुंच सकें।

## गंगा में नहाते समय चार दोस्त डूबे, एक की मौत



**( मुफीद अहमद )**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के रायपुर माझरा निवासी सोमित पुत्र नरेन्द्र, उम्र 10 वर्ष, जो कि त्रिवेणी देवी इंटर कॉलेज अलफगंज में कक्षा 2 का छात्र था, अपने तीन दोस्तों भाटिया, भूरा, और शिबू (सभी लगभग 10 वर्ष) के साथ गंगा नदी में नहाने गया था। नहाते समय सुमित गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने की कोशिश में उसके तीन दोस्त भी गहरे पानी में फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। आनन-फानन में गांव वाले बच्चों को बचाने के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन सुमित गहरे पानी में चला गया। लगभग एक घंटे की तलाश के बाद ग्रामीणों की मदद से सुमित को पानी से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सुमित अपने परिवार में इकलौता बेटा था और पांच बहनों के बीच अकेला भाई था। उसकी मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार में मातम छा गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### विले पार्ले में पूर्व स्थित जैन मंदिर तोड़े जाने पर जैन समाज में रोष

## जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** महाराष्ट्र के विले पार्ले (पूर्व), मुंबई में स्थित दिगंबर जैन मंदिर को 16 अप्रैल 2025 को मुंबई महानगरपालिका द्वारा तोड़े जाने की घटना ने देशभर के जैन समाज में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। यह मंदिर पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से जैन श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है, जहां नियमित पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन होते रहे हैं।

रामपुर के जैन समाज की ओर से मुख्यमंत्री महाराष्ट्र देवेंद्र फडणवीस को जिलाधिकारी रामपुर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी



अधिकारियों के खिलाफ तत्काल निलंबन की मांग की गई है। साथ ही मंदिर के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की गई है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस कार्रवाई के पीछे एक होटल समूह के स्वार्थ जुड़े हो सकते हैं, जिसने महानगरपालिका पर दबाव बनाकर यह दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई करवाई है। जैन समाज का कहना है कि अगर निर्माण अवैध भी था, तो पहले नोटिस देकर कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी, न कि सीधे मंदिर को ध्वस्त किया जाता है। जैन मिलन के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, कोषाध्यक्ष भारत भूषण जैन रारा और मंत्री रमेश जैन सेठी द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में मांग की गई है कि मंदिर को तत्काल पूर्व स्थिति में पुनर्निर्मित किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस घटना को लेकर जैन समाज में गहरा रोष व्याप्त है और देशभर से प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। समाज ने चेता. वनी दी है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन देने वालों में दिनेश जैन खंडेलवाल, आशीष जैन, सौरभ जैन, विवेक जैन, डॉ शीनू जैन, हरीश कुमार जैन, दिनेश जैन सेठी, गौरव जैन, निर्भय जैन, अंकित जैन, रमेश जैन, ऋषभ जैन, समीर जैन, सुनील जैन, पूनम जैन, भारत भूषण जैन, रमेश जैन सेठी, रजत राज जैन, सर्वेश जैन खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

## प्रतिबन्धित पशु के अवशेष मिलने से मचा हड़कम्प जांच में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** मानपुर उत्तरी के नैय्या नदी के जंगल में फिर मिले पुराने पशु वध के अवशेष पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मानपुर उत्तरी के नैय्या नदी के जंगल में गोवंश पशु के अवशेष मिलने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। मंगलवार को मानपुर उत्तरी और खानपुर उत्तरी के जंगल के बीच नैय्या नदी के किनारे पर कुछ पशुओं के पुराने अवशेष मिले हैं भनक मिलते ही बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अर्जुन गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कोतवाल कुलदीप सिंह चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और मामले



की जांच की पुराने अवशेषों को पुलिस ने गड्ढा खोदकर दफन कर दिया है। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की काफी देर तक मौके पर हंगामा होता रहा बाद में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गोवंश पशु के पुराने अवशेषों खाल सींग को दफन कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की पशुओं का वध करने वाले लोगों को किसी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## खैर की 120 कुन्तल लकड़ी के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार




शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे निर्देशन पर मंगलवार को एसओजी टीम ने वन विभाग की टीम के साथ कोतवाली पुलिस के प्रभारी कुलदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही ग्राम गोलू टाण्डा में मौके से अमरीक सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी गोलू टांडा स्वार नन्हे उर्फ जाहिद पुत्र फरजंद अली निवासी मकन्द पुर थाना गदरपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखंड को अमरीक सिंह के घर पर रखी सुखी प्रकाष्ठ खैर की करीब 120 कुन्तल के साथ गिरफ्तार किया गया।

एवं अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये।

अभियुक्तों में अमरीक सिंह पुत्र कुलवंत सिंह, दलजीत सिंह पुत्र वचन सिंह निवासी ग्राम गोलू टांडा थाना स्वार रामपुर, नन्हे उर्फ जाहिद पुत्र फरजंद अली, शमशाद पुत्र कल्लू , इस्माइल पुत्र फरजंद अली निवासी मकन्द पुर थाना गदरपुर उधमसिंह नगर उत्तरखंड पर विधिक कार्यवाही की गई।

## आर कोड फॉर फ्लोरा का उद्देश्य डिजिटल दक्षता को विकसित करना व मिशन लाइफ के उद्देश्यों को बढ़ावा देना है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय की इको क्लब की गतिविधि के अंतर्गत रामपुर के सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में बच्चों को मोदी जी के मिशन क्यू आर कोड फॉर फ्लोरा के माध्यम से पेड़ पौधों के बारे में जानकारी दी गई। कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के इको क्लब के गठन के अंतर्गत विभागीय निर्देशानुसार आज की गतिविधि मोदी जी के मिशन क्यू आर कोड फॉर फ्लोरा के बारे में थी। इस गति. विधि के अंतर्गत विद्यालय में लगे पेड़ पौधे जैसे नीम, गुलाब, शरीफा, कटहल गुलहड़, सहजन, आम आदि के बारे में बच्चों को क्यू आर कोड के माध्यम से जानकारी शिक्षकों द्वारा दी गई। इस गतिविधि के अंतर्गत जिस पेड़ पौधे के बारे में जानकारी करनी है, उस जानकारी को शिक्षकों द्वारा एकत्र किया गया। फिर वेबसाइट क्यूआर कोड मंकी पर जाकर उसके टेक्स्ट कंटेंट में पेड़



पौधे के बारे में एकत्र की गई जानकारी को अपलोड किया गया, उसके बाद अपलोड की गई जानक. ारी के आधार पर क्यू आर कोड का निर्माण किया गया, फिर उस क्यू आर कोड को डाउनलोड किया गया। उस डाउनलोड किए गए क्यू आर कोड का प्रिंट निकाला गया। फिर उस प्रिंट का लेमिनेशन कराकर उसे डोरी की सहायता से संबंधित पेड़ पर लटकाया गया और विद्यालय के बच्चों को एकत्र कर बच्चों को मोबाइल देकर उस पेड़ पर टंगे क्यू आर कोड को स्कैन किया गया। उस क्यू आर कोड को स्कैन कर पेड़ पौधे के बारे में जो जानकारी प्राप्त हुई, उस जानकारी को बच्चों के साथ साझा किया गया। इस सारी गतिविधि के फोटो इको क्लब की वेबसाइट पर ऑनलाइन विद्यालय समय में अपलोड किया गया।

शिक्षक चिरंजीव कुमार ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि क्यूआर कोड फॉर फ्लोरा नाम की पहल का उद्देश्य डिजिटल दक्षता को विकसित करना तथा मिशन लाइफ के उद्देश्यों को बढ़ावा देना है। यह पहल डिजिटल नवाचार के साथ पर्यावरण जागरूकता से भी संबंधित है।

क्यूआर कोड फॉर फ्लोरा गति. विधि के अंतर्गत विद्यालय के अंदर अथवा बाहर वनस्पतियों की पहचान किया जाना तथा प्रत्येक प्रजाति के बारे में व्यापक जानकारी वाले क्यू आर कोड तैयार करके उसके विवरण का अभिलेखीकरण किया जाना है। इस गतिविधि से बच्चों को पेड़ पौधों के बारे में दी गई जानकारी बहुत ही उपयोगी और स्थाई रहती है। क्योंकि बच्चे उस जानकारी को स्वयं ही प्राप्त करते हैं और खेल-खेल में उस पेड़ पौधे के बारे में और उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। इस गतिविधि के अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, अमरपाल सिंह, मलखान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सरिया मारने से सांड की मृत्यु के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/ रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्राम ढाकुरिया के रहने वाले खुशीराम पुत्र राम भरोसे ने बीते दिनांक 21अप्रेल कोतवाली शाहबाद में घुमंतु सांड (गो वंश) सांड को सरिया से मारने से हुई मृत्यु के आरोप में नामजद तहरीर दी थी कोतवाली पुलिस ने खुशीराम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी थी।

प्रार्थना पत्र में खुशीराम का आरोप है कि आरोपी गुलशाद पुत्र साहिब खाँ निवासी मौ. अफगानान कस्बा व थाना शाहबाद जनपद रामपुर द्वारा दिनांक 11.04.2025 को घुमंतु सांड (गो वंश) का अपने घेर मे घुसने व जानवरों को परेशान करने पर गुस्से में आकर घुमंतु सांड (गो वंश) को लोहे का सरिया मार देने जिससे घुमंतु सांड (गो वंश) की मृत्यु हो गई।

जिसको लेकर एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्र ने घटना के खुलासे को लेकर कड़े निर्देश दिये गये थे। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

कोतवाली पुलिस शाहाबाद के उप निरीक्षक राजकुमार ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी अमित सिंह के साथ मंगलवार को मोहल्ला अफगानांन के रहने वाले 26 वर्षीय आरोपी गुलशाद पुत्र साहिब खा को मुखबिर की सूचना पर पुराने रामपुर रोड पर बिजली घर के पास से गिफ्तार कर लिया । विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया ।



## रेस्टोरेंट के सामने खड़ी कार चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** फैमली रेस्टोरेंट के सामने खड़ी कार गायब हो गई जिसकी चोरी की तहरीर गाड़ी मालिक ने चौकी पुलिस को तहरीर दी है बिजार खाता निवासी राजेश कुमार दिवाकर जो कि अटल सेवा संगठन के प्रदेश महासचिव है ने दी तहरीर मे कहा है कि रोजाना की तरहा उन्होने अपनी एसयूवी गाड़ी जिसका नम्बर यूपी 25 बी एल 5800 है फैमली रेस्टोरेंट के सामने खड़ी थी कि वहा से कार गायब होगई उन्होने उसको काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नही चल पाया है राजेश कुमार दिवाकर ने कार चोरी की अज्ञात के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर दी है।

### वैन डंपर में घुसी, दो मासूमों सहित तीन की मौत

## सगाई के कार्यक्रम से लौट रहे थे, थाना बनियाठेर के पास हुआ बड़ा हादसा 6 घायलों को किया रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ताजपुर बेहटा निवासी पप्पू पुत्र रामपाल अपनी पत्नी रीना बच्चो सहित व बिलारी थाना क्षेत्र के ग्राम टांडा निवासी अपने रिश्तेदारों के साथ ग्राम पतरौआ में सगाई समारोह में शामिल होने आए थे। रातभर चले कार्यक्रम के बाद सोमवार सुबह सभी लोग बापिस अपने गांव आ रहे थे प्रातः लगभग आठ बजे बनियाठेर थाने से निकले ही थे कि गुमथल मोड़ के पास अनियंत्रित होकर वैन अचानक सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे के बाद घायलों को



सी एच सी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने आर्यांश (5)वर्ष पुत्र पप्पू निवासी टांडा बिलारी और अक्षित (3)वर्ष पुत्र डॉक्टर दीपक निवासी ताजपुर बेहटा को मृत घोषित कर दिया इसके साथ घायल पप्पू ,रीना पत्नी संजय ऋतिक पुत्र नवल किशोर वाहन चालक ऋषिपाल अमृता पुत्री संजय शिवांश पुत्र संजय रेनू पत्नी दीपक की हालत गंभीर होने के कारण रेफर कर दिया गया। इसमें गंभीर रूप से घायल युवक पप्पू पुत्र रामपाल सिंह को मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे से पहले वैन तेज स्पीड पर थी वहीं कहा जाता है कि जान लेना व जान बचाना ईश्वर के हाथ में होती है इस सड़क हादसे में दो मासूम सहित तीन की मृत्यु हो गई तथा 6 महा के शौर्य के खरोच तक नहीं आई।

# एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का सीएम के नाम डीएम को ज्ञापन



### 6 सूत्रीय ज्ञापन में समस्याओं के सामाधान की मांग की गई

**मथुरा।** आज एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्य अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को 6 सूत्रीय ज्ञापन देने के लिए पहुंचे। जिसमें काले. जों के संचालन में बढ़ती वित्तीय संकट के समाधान की मांग की गई। जनपद के लगभग दो दर्जन से अधिक एडेड कालेजों के प्रधानाचायों ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंप कर कहा कि माध्यमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन शासन द्वारा व्यवसायिक दिए गए हैं। कक्षा 09 से 12 वीं में विद्यार्थियों से 20 रुपए वार्षिक की दर से विद्युत शुल्क लिया जाता है। जो कुल मिलाकर 15 – 20 हजार रुपए से अधिक किसी भी माध्यमिक विद्यालय को प्राप्त नहीं होते हैं। जबकि प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में विद्युत बिल एक लाख से लेकर पांच लाख रुपए तक आते हैं।

ऐसी स्थिति में माध्यमिक विद्यालयों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रधानाचार्यों द्वारा विद्यार्थी/अभिभावकों से सहयोग लिया जाता है या विद्यालय की अन्य निधियों जिनमें भी बहुत ही नगण्य धन राशि होती है उनसे विद्युत बिल जमा किया जाता है तो प्रधानाचार्यों के विरुद्ध अनावश्यक शिकायतें, ऑडिट आपत्ति एवं ब्लैकमेलिंग जैसी परिस्थितियां पैदा हो रही हैं। प्रधानाचर्य डॉ. वेदप्रकाश ने सभी कालेजों के प्रधानाचार्यों का नेतृत्व करते हुए कहा कि वर्तमान में शासन द्वारा सभी कार्य डिजिटलीकरण कर दिए गए हैं, जो माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को उच्च अधिकारियों के आदेश के पालन में बाजार (मार्केट) में कराने पड़ रहे हैं। शासन द्वारा आवंटित किए जा रहे डिजिटलीकरण के कार्यों को करने के लिए कोई सुविधा प्रधानाचार्य को प्रदान नहीं की जा रही है, ऐसी स्थिति में शासन के आदेश मानना या ना मानना माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के गले की फांस बन गया है। माध्यमिक विद्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटर न होने की वजह से विद्यालय के अधिकांशतः कार्य जैसे डीबीटी, यू डायस, अपार आईडी, इको क्लब, पोषण माह फीडिंग, रजिस्ट्रेशन, बोर्ड फॉर्म आदि ऑनलाइन कार्य विषय ६ कक्षा अध्यापकों को करने पड़ रहे हैं जिसकी वजह से विद्यालयों में शिक्षण कार्य बाधित हो रहे हैं। ज्ञापन में कहा है कि माध्यमिक विद्यालयों के संबद्ध प्राइमरी एवं अन्य माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 06, 07, 08 में निःशुल्क शिक्षा होने की वजह से उक्त कक्षाओं में मासिक टेस्ट, अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, वार्षिक परीक्षा एवं शासन की मंशा के अनुसार ओएमआर सीट प्रयोग करवाना, रिपोर्ट कार्ड, परिचय पत्र एवं उक्त कक्षाओं हेतु बिजली, पानी, जलपान, स्वच्छता, टॉयलेट, आदि की व्यवस्थाओं हेतु किसी भी प्रकार के साधन नहीं हैं जिनकी वजह से प्रधानाचार्यों के सामने अत्यधिक आर्थिक कठिनाइयां पैदा हो गई हैं। इसके अलावा अधिकांशतः माध्यमिक विद्यालयों के भवन जर्जर हो गए हैं, जिनकी लगातार मरम्मत कराने की आवश्यकता है। जर्जर भवनों में किसी भी अनहोनी की आशंका से नकारा नहीं जा सकता है। अनहोनी की स्थिति में जिसका उत्तरदायित्व केवल प्रधानाचार्यों के ऊपर निर्धारित किया गया है जबकि माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पास कोई वित्तीय शक्तियां ऐसी नहीं हैं जिनसे वह विद्यालय भवन की मरम्मत करा संके। उन्होंने कहा कि सन 2010 के बाद कक्षा 09, 10, 11, 12 के शुल्क में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है जबकि महंगाई सन 2010 से कई गुना बढ़ गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रधानाचार्य डॉ अजय कृष्ण सारस्वत, डॉ दिनेश राणा, निरंजन सिंह सोलंकी, डॉ देव प्रकाश, डॉ शालिनी अग्रवाल, डॉ राकेश कुमार माहेश्वरी, डॉ. कमल कुमार गौड़, अरविंद शर्मा, डॉ सुरेश चंद्र तोमर, जोगेंद्र सिंह, निखिल अग्रवाल, डॉ अलका गोस्वामी, सोहन झा, श्रीमती रूमा देवी, डॉ अल्कादीप, डॉ खुशबू चक, डॉ विमल प्रकाश यादव, डॉ संजय शर्मा, डॉ राजीव कुमार पांडेय, गोरधन सिंह, डॉ गिर्राज सिंह, केशव देव शर्मा, डॉ प्रियंका, श्रीमती रेनू, डॉ बिजेंद्र सिंह, डॉ प्रवीन कुमार, डॉ पदम सिंह, भगवत प्रसाद, दिनेश केसरवानी, डॉ रामबहादुर सिंह भदौरिया, लाला राम कौशिक, डॉ अतर सिंह, डोरी लाल सैनी, डॉ रोहिताश कुमार सोलंकी, जितेंद्र कुमार मिश्र, शिवाजी यादव, बृजेश कुमार, डॉ लोकेश पालीवाल, राजेन्द्र, श्रीमती रेनू वाला आदि थे।

## एसीपी को तहरीर दे की चार लोगों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग

**tojA** मौहल्ला मॉडलपुरिया निवासी बिजेन्द्र पुत्र रामप्रसाद ने एसीपी जेवर को दिए प्रार्थना पत्र में तीन संगे भाईयों व एक अन्य सहित चार लोगों पर प्लॉट की बाऊण्ड्री तोड़ने तथा घर के गेट का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मौहल्ला मॉडलपुरिया जेवर निवासी बिजेन्द्र पुत्र रामप्रसाद ने एसीपी जेवर को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि उसके तीन सगे भाई व एक अन्य व्यक्ति ने उनकी अनुपस्थिति में उनके प्लॉट की बाउण्ड्री तोड़ कर रास्ता बना लिया और उनके घर का ताला तोड़ कर फ्रिज आदि सहित घर का कीमती सामान चोरी कर लिया जानकारी होने पर उन्होंने उक्त चारों लोगों से ऐसा करने का मतलब जानना चाहा तो उक्त चारों लोग उल्टे आमादा फौजदारी हो उसे धमकाने लगे कि तू कहीं चला जा हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता वह दहशत में है पुलिस में तहरीर देदी है कार्यवाही का आश्वासन दिया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## डा. अम्बेडकर पार्क परिसर में मंगलवार को लगा आंखों का निःशुल्क कैम्प




**शाह टाइम संवाददाता**

**जेवर।** संविधान निर्माता डा0 भीम राव अम्बेडकर पार्क परिसर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के सौजन्य से आंखों का मुफ्त कैंप लगाया गया कैम्प में इस दौरान दो सौ 200 के करीब नेत्र रोगियों द्वारा अपनी ऑखों का परीक्षण कराया गया। कैम्प में सभी पेशेंटस को जांच उपरान्त चश्मे एवं दवाइयां मुफ्त दिए गए।

साथ ही कैम्प के आए मोतियाबिंद के मरीजों की ऑपरेशन के लिए बी.0पी.0 एवं शुगर जांच की गई जांच करने के बाद हॉस्पीटल एम्बुलेंस द्वारा नोएडा स्थित आई केयर आई हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां से ऑपरेशन के बाद एम्बुलेंस द्वारा ही सभी मरीजों को जेवर लाया जाएगा। नगर पंचायत सभासद ब्रिलियंट एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के डारेक्टर मोहम्मद सुलेमान कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के टप्पल रोड़ आदर्श कन्या इण्टर कॉलिज के निकट स्थित डा0 भीम राव अम्बेडकर पार्क में प्रत्येक मंगलवार को आई केयर आई हॉस्पीटल द्वारा आयोजित होने वाले चिकित्सकीय निःशुल्क शिविर की देखभाल की पूरी व्यवस्था ब्रिलियंट एजुकेषनल एंड वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) द्वारा की जाती है। मुफ्त कैम्प लगने से अनेक गरीब लोगों इसका लाभ मिल रहा है उन्होंने बताया कि आगे भी समाज हित में स्वास्थ्य संबंधी कैंप लगवाए जाते रहेंगे।

## अनुराग कश्यप पर हो देशद्रोही की धाराओं में कार्रवाई



**मथुरा।** फिल्म अभिनेता निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने के विरूद्ध विभिन्न संगठानों के सनातनी लोगों ने एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को दिए ज्ञापन में मांग की गई के अनुराग कश्यप को शीघ्र गिरफ्तार करके देश द्रोही घोषित करते हुए कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ देवालय न्यास के अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी, आचार्य मृदुलकांत शास्त्री और अखिल भारतीय हिन्दु महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के पदाधिरी आज मध्याह्न में जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे। जिसमें आचार्य मृदुल कांत शास्त्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव अपने राष्ट्र एवं संस्कृति की रक्षा हेतु समाज में आदर्श रूप से हर जाति वर्ग के सनातनियों को एक जुट करने का काम किया है। लेकिन अनुराग कश्यप की टिप्पणी विदेशी ताकतों के इशारे पर सनातनियों में फूट डालने व जातियों में बांटने वाली है। यह एक सुनियोजित षड़यंत्र है। संविधान के सिद्धांतों एवं अवधारणाओं के विप. रीत है। ज्ञापन देने वालों में पं. अमित भारद्वाज, पूजा शर्मा, सरोज गोला, योगेश आवा, आरएसएस के स्वयं सेवक भूपेश भारद्वाज, पं. दिनेश शर्मा एडवोकेट, विसधर दल के विपिन स्वामी, हेमंत चतुर्वेदी, गुंजन शर्मा आदि थे।

## अधिवक्ता ने कथित सपा नेता पर लगाया पैतृक भूमि पर जबरन निर्माण कराने का आरोप

**जेवर।** थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कस्बा जहॉगीरपुर निवासी एक अधिवक्ता ने कस्बे के ही एक दबंग कथित सपा नेता पर पैतृक भूमि पर दबंगता के बल पर नगर पंचायत प्रशासन जहॉगीरपुर को धता बताते हुए निर्माण कार्य शुरू कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि जानकारी के बाद उनके द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन ने दबंग द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को रूकवा दिया।

गौरतलब है कि जहॉगीरपुर के मौहल्ला कचेहरियान स्थित अधिवक्ता ए0क्यू0 जिलानी की पैतृक भूमि है जिस पर पड़ोसी एक कथित दबंग सपा नेता द्वारा 40.53 वर्ग मीटर के बैनामे की आड़ में कथित तरीके से 117,81 वर्ग मीटर का एक नक्सा व पुनः संशोधित 40.53 वर्ग मीटर का नक्सा नवीस को गुमराह कर दो नक्से तैयार करा लिए और स्वीकृति हेतु जहॉगीरपुर नगर पंचायत कार्यालय में 117.81 वर्ग मीटर की पैमाईश का नक्सा जमा कर दिया। तहसील जेवर में कार्यरत अधिवक्ता ए0क्यू0 जिलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा जहॉगीरपुर के मौहल्ला कचेहरियान स्थित जिल्द खसरा आबादी 14 जून सन 1921 जिल्द तक्सीम नम्बर 223 में उनकी दादालाई पैतृक भूमि है जिसपर उनकी लगातार छः पीढ़ी निवास करती आ रही हैं। उक्त की



जानकारी सभी मौहल्लेवासियों को है अधिकांश लोग बताते हैं कि उनके पड़ोसी दबंग कथित सपा नेता यामीन ने वर्ष 1987 का 40.53 वर्ग मीटर का एक कथित बैनामा दिखा कर मौके पर दो कमरे बरामदा का अवैध निर्माण कर लिया है।

शेष खाली पड़ी भूमि अधिवक्ता की पैतृक भूमि अंश को वह नक्सा बनवाकर कब्जा करने की फिराक में है। आरोप है कि मौहल्लेवासी यासीन नम्बरदार एवं छोटे नम्बरदार आदि लोगों ने उन्हें बताया कि कथित सपा नेता ने जहॉगीरपुर बुलन्दशहर थाने के सामने शमशान के समीप करीब चार करोड़ की भूमि विक्रय की है जिसपर वह खुर्जा के भूमाफियायों संग मिल कर अवैध प्लॉटिग कर रहा है। तथा उनके रास्ते में ईटें बदरपुर आदि डालकर मार्ग को अवरूद्ध कर रखा है। आरोप है कि कथित सपा नेता यामीन मोटर साईकिल पर सवार होकर लोगों से कहता घूम रहा है कि उसने एक अधिवक्ता को उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह/प्रशासक अधिशासी अधिकारी से उक्त विवादित भूमि का नक्सा स्वीकृत कराने के नाम पर बड़ी धनराशि दे रखी है। उधर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों को अपने–अपने–भूस्वामित्त से सम्बन्धित अभिलेखों के साथ उपस्थित होने को कहा है वहीं उक्त मामले में उप जिलाधिकारी जेवर ने मानचित्रकार विमल जैन को तलब कर उक्त दबंग कथित सपा नेता द्वारा बनवाये दोनों नक्सों के बारे में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

## कोसी निकाशा पथराव में एक दर्जन से अधिक गिरफ्तार





**कोसीकलां।** सोमवार को लगातार दूसरे दिन निकासा में मामूली कहासुनी के चलते के दो पक्षों में विवाद के बाद पुलिस ने तावड तोड़ दबिश देकर दो अलग–अलग स्थानों से 14 आरो. पियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो तमंचा, कारतूस बरामद किए है। सोमवार की रात्रि में करीब 10 बजे मोहल्ले में एक ही समुदाय के नईम एवं सुलेमान पक्ष में पुरानी रंजिश को लेकर आपस में कहा. सुनी हो गई।

थोड़ी देर में कहासुनी ने झगड़े का रूप ले लिया। झगड़े में दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी–डंडे चले। इसके बाद विवाद और बढ़ गया तो दोनों पक्षों ने आपस में छतों पर खड़े होकर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकी। जिससे भगदड़ मच गई। दुकानें बंद हो गई। लोग घरों में छिप गए। पुलिस ने इस मामले में 20 नामजदों के घखिलाफ वलबे का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल ने कार्रवाई करते हुए निकासा से 9 आरोपी पकड़ लिए जिसमें शकील, मुस्तकीम, राशिद, खुर्शीद, शहजाद, अबरार, आमिर, महराज, जाहुल निवासीगण निकासा को पकड़ लिया। आरो. पियों के कब्जे से ईंट पत्थर व जूता चप्पल एवं 5 खोखा कारतूस बरामद किए है। वहीं झगड़े में अन्य वांछितों को राजमार्ग पर कोटवन कट के समीप से नदीम, वसीम, नईम, रहीश, सद्दाम को पकड़कर चालान कर दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121–4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल–9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई–नीलागी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ("आईआईएफएल") उन डिफॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार–बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **26.04.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जाएगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई–नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो जिला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट जिला केंद्र पर **07.05.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से जिला–स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर जिला–स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

जिला केंद्र: **मेरठ–सेंट्रल मार्केट जीएल – सी28–2, प्रथम तल, सेंट्रल मार्केट, शास्त्री मार्केट 250004**

**शाखा का नाम: मेरठ–सेंट्रल मार्केट जीएल, तालुका – मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25425987, GL31915397, GL31935765, GL32942140, GL32971409, GL32983546, GL33009156, GL33012763, GL33014958, GL33022815, GL33228132, GL33236910, GL33345640, GL33350766, GL33478132.

**शाखा का नाम: मेरठ–गढ़ रोड जीएल, तालुका – मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25088658, GL27815456, GL31283420, GL31792451, GL31798027, GL31915351, GL34000803, GL34022058.

**शाखा का नाम: मेरठ–एचआरएस चौक जीएल, तालुका – मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL32213855, GL32228338, GL32546050, GL33129552, GL33148040.

**शाखा का नाम: मेरठ–मवाना रोड जीएल, तालुका – मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL27703561, GL28634072, GL32671207, GL32688081, GL32795542, GL32802851, GL32820325, GL32830163, GL32976251, GL32984802, GL33037671, GL33054727, GL33106625, GL33110667, GL33272208, GL33291110, GL33406028, GL33411426, GL33428825, GL33430606, GL33979071, GL33984357, GL34126203, GL34134769, GL34323652.

ई–नीलामी "जैसा है, जहा है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई–नीलामी के अनुसार ई–नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालांकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालांकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **23.04.2025**
स्थान: मेरठ

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

## गंगा में नहाते समय चार दोस्त डूबे, एक की मौत

**( मुफीद अहमद )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के रायपुर माझरा निवासी सोमित पुत्र नरेन्द्र, उम्र 10 वर्ष, जो कि त्रिवेणी देवी इंटर कॉलेज अलफगंज में कक्षा 2 का छात्र था, अपने तीन दोस्तों भाटिया, भूरा, और शिबू (सभी लगभग 10 वर्ष) के साथ गंगा नदी में नहाने गया था। नहाते समय सुमित गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने की कोशिश में उसके तीन दोस्त भी गहरे पानी में फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। आनन–फानन में गांव वाले बच्चों को बचाने के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन सुमित गहरे पानी में चला गया। लगभग एक घंटे की तलाश के बाद ग्रामीणों की मदद से सुमित को पानी से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सुमित अपने परिवार में इकलौता बेटा था और पांच बहनों के बीच अकेला भाई था। उसकी मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार में मातम छा गया। माता–पिता का रो–रोकर बुरा हाल है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पिलाना ( बागपत )

**पत्रांक: ७४/लेखा/क्षेत्र पं०/ २०२४-२५** **दिनांक २२.०४.२०२५**

### अल्प निविदा आमंत्रण सूचना

जिलाधिकारी महोदय बागपत के अनुमोदन दिनाक 22.01.2024 एवं 22.02.2024 एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय बागपत के कार्यालय पत्र सख्या सी–1153/ जि. का.आ./ आ.ब.भ.नि./20223–24 दिनांक 22.02.2024 के द्वारा क्षेत्र पंचायत पिलाना को कार्यदायी सस्था नामित किया गया है। तत्कम में मनरेगा / राज्य वित्त आयोग मद से 08.00 लाख रू. एवं पचांयती राज विभाग से 02.00 लाख तथा बाल विकास विभाग से 02.00 लाख रू. प्रति आंगनवाडी केन्द्र हेतु प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत टेण्डर / मैन्यूवल विधि के माध्यम से शासकीय विभाग में पंजीकृत फर्मो की शीलवन्द निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 05.05.2025 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा की लागत धनराशि को खण्ड विकास अधिकारी पिलाना बागपत के नाम से कैनरा बैंक पिलाना में स्थित खाता संख्या 85702200000855 जमा कर प्राप्त कर सकते हैं या सीधे कार्यालय जमा करा सकते है। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी पिलाना बागपत के नाम से जमा करनी होगी। निविदा दिनाक 05.05.2025 की दोपहर 12 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. स. | विकास खण्ड का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत ( लाख में. ) | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| १ | पिलाना | प्राथमिक विद्यालय अमीपुर बालैनी नं.03 में कन्वर्जेन्स के माध्यम से आगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण कार्य मनरेगा/क्षे.पं.रा.वि.आयोग–800000.0 ग्राम के पंचम वित्त/15वॉ वित्त–200000.0 एवं बा.वि.पु.हा.वि.–200000.0 | ९.९८ | १००० |
| २ | पिलाना | प्राथमिक विद्यालय भूमि सैदपुर खुर्द में कन्वर्जेन्स के माध्यम से आंगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण कार्य मनरेगा/क्षे.पं.रा.वि.आयोग–800000.0 ग्राम के पंचम वित्त/15वॉ वित्त–200000.0 एवं बा.वि.पु.हा.वि.–200000.0 | ९.९८ | १००० |
| ३ | पिलाना | प्राथमिक विद्यालय सैहडभर न.01 में कन्वर्जेन्स के माध्यम से आगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण कार्य मनरेगा/क्षे.पं.रा.वि.आयोग–800000.0 ग्राम के पंचम वित्त/15वॉ वित्त–200000.0 एवं बा.वि.पु.हा.वि.–200000.0 | ९.९८ | १००० |
| ४ | पिलाना | प्राथमिक विद्यालय सेहडभर नं.01 में कन्वर्जेन्स के माध्यम से आगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण कार्य मनरेगा/क्षे.पं.रा.वि.आयोग–800000.0 ग्राम के पंचम वित्त/15वॉ वित्त–200000.0 एवं बा.वि.पु.हा.वि.–200000.0 | ९.९८ | १००० |
| ५ | पिलाना | प्राथमिक विद्यालय ढिकौली नं.01 में कन्वर्जेन्स के माध्यम से आगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण कार्य मनरेगा/क्षे.पं.रा.वि.आयोग–800000.0 ग्राम के पंचम वित्त/15वॉ वित्त–200000.0 एवं बा.वि.पु.हा.वि.–200000.0 | ९.९८ | १००० |

**( अ.अभियंता )**
**ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,**
**बागपत।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पिलाना, बागपत।**

# केकेआर को मिली लगातार दूसरी हार



■ गुजरात टाइटंस तालिका में शीर्ष पर बरकरार, गिल व सुदर्शन चमके

**कोलकाता, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 39 रनों से हराया और शीर्ष पर अपना दबदबा मजबूत किया।

गुजरात ने शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्द्धशतकों से 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए थे, जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। इस सीजन यह पहली बार है जब केकेआर ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। यह गुजरात की आठ मैचों में छठी जीत है और वह 12 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। गुजरात ने इस सीजन दो मुकाबले गंवाए हैं। वहीं, केकेआर की आठ मैचों में यह पांचवीं हार है और वह तीन जीत के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बनाए जो 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने गुरबाज का विकेट जल्द गंवा दिया। इसके बाद रहाणे ने सुनील नरेन के साथ मिलकर टीम को संभाला, लेकिन नरेन 17 रन बनाकर आउट हो गए। फिर रहाणे अच्छी पारी खेलते रहे, लेकिन दूसरे छोर पर उनका कोई बल्लेबाज साथ नहीं दे सका। केकेआर के लिए बड़ी साझेदारी नहीं बन पाना हार का बड़ा कारण बना। केकेआर की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उसे पिछले मैच में पंजाब किंग्स ने हराया था। केकेआर के लिए रहाणे के अलावा आंद्रे रसेल ने 21, रिंकू सिंह ने 17, वेंकटेश अय्यर ने 14 और रमनदीप सिंह ने एक रन बनाए, जबकि इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे अंगकृष 27 और हर्षित राणा एक रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात के लिए प्रसि( कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और आर साई किशोर को एक-एक विकेट मिले। इससे पहले, केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन ने शतकीय साझेदारी की जिसकी मदद से टीम बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। गुजरात के लिए गिल ने 55 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 90 रन बनाए, जबकि सुदर्शन 36 गेंदों पर छह चौका और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। पहले बल्लेबाजी करते हुए गिल और सुदर्शन ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 114 रन जोड़े। गिल ने 34 गेंदों पर और सुदर्शन ने 33 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। सुदर्शन का इस सीजन का यह पांचवां और गिल का तीसरा पचासा था। गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन की जोड़ी हिट है। गिल और सुदर्शन के नाम ही गुजरात के लिए सबसे बड़े ओपनिंग साझेदारी करने का रिकॉर्ड है। गिल और सुदर्शन के बीच 114 रनों की साझेदारी गुजरात के लिए चौथी बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। गिल और सुदर्शन तीन बार गुजरात के लिए शतकीय साझेदारी कर चुके हैं जिसमें एक बार 210 रनों की पार्टनरशिप भी शामिल है। गिल और सुदर्शन आईपीएल 2025 में शानदार फार्म में चल रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी इस सीजन धमाल मचा रही है। गिल और सुदर्शन ने इस सत्र में आठ पारियों में अब तक 448 रन जोड़े हैं और इनका औसत 56.0 का रहा है। गिल और सुदर्शन 8.93 के रन रेट से रन बना रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी ने इस सीजन दो बार शतकीय और दो बार अर्द्धशतकीय साझेदारी की है। इतना ही नहीं, इन दोनों ने आईपीएल 2024 से अब तक 17 पारियों में कुल आठ बार 50+ साझेदारी की है जो सर्वाधिक है। इन्होंने इस मामले में ट्रेविस और अभिषेक को पीछे छोड़ा जिन्होंने आईपीएल 2024 से अब तक 22 पारियों में सात बार 50+ साझेदारी की है। गिल और सुदर्शन के बीच इस साझेदारी को रसेल ने तोड़ा। सुदर्शन के आउट होने के बाद बटलर क्रीज पर आए और उन्होंने गिल के साथ मिलकर गुजरात की पारी को गति दी। गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन वह शतक लगाने से चूक गए। इस दौरान गिल और बटलर के बीच दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी हुई जिसे वैभवने तोड़ा। इसके बाद हर्षित ने तेवतिया को खाता खोले बिना आउट कर गुजरात को तीसरा झटका दिया।



# समृति मंधाना-जसप्रीत बुमराह को विज्डन के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

■ जसप्रीत बुमराह का 2024 में औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्डतोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष आरसीबी को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

## बीमारी के कारण सात्विक और चिराग सुदीरमन कप में नहीं लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीमारी के कारण सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की शीर्ष भारतीय युगल जोड़ी चीन के जियामेन में 27 अप्रैल से चार मई तक चलने वाले सुदीरमन कप में हिस्सा नहीं लेगी।

खेल विशेष

## क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के शीर्ष क्रिकेट विश्लेषण मंच क्रेक्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। क्रेक्स ने आज हरमनप्रीत को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह साझेदारी महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड द्वारा निरंतर प्रयास को दर्शाता है। साथी भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के साथ, दो प्रसिद्ध खिलाड़ी मंच को व्यापक दर्शकों से जुड़ने में मदद करेंगे। क्रेक्स ऐप के जरिए क्रिकेट के सभी प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय, टी-20 और यहां तक कि क्लब मैचों गेंद-दर-गेंद कमेंट्री, स्कोर, फिक्स्चर, टीम/खिलाड़ी रैंलकग, समाचार और विस्तृत आँकड़े प्रशंसक प्राप्त कर सकते हैं। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर कहा कि मैं क्रेक्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हूँ, यह एक ऐसा मंच जो क्रिकेट के लिए मेरे जुनून को साझा करता है और महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। युवा लड़कियों को उनके क्रिकेट के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्रेक्स की प्रतिबद्धता को देखना प्रेरणादायक है।

## शास्त्री ने सिटी को रौंदा, जुबा संघा की आसान जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। शास्त्री क्लब के लिए एंडी, होकिप और वंशनगलांग ने दो दो गोल किये। सेमन ने एक गोल दागा। पराजित टीम सिटी एफसी के लिए अक्षय राज ने एक गोल किया। दिन के पहले मुकाबले में अजमल एफसी ने गढ़वाल डायमंड को 2-1 से हराया। अजमल के लिए राकेश और पैसोउ ने गोल किए जबकि गढ़वाल के लिए आलतू ने गोल किया। उधर नेहरू स्टेडियम में हो रही डब्ल्यूपीएल में जुबा संघा ने निधि के दो गोलों से ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को 4-0 से हराया।





# भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीते सात पदक

**लीमा, वार्ता।** आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों ने दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल सात पदक जीते। भारतीय निशानेबाज सिमरन प्रीत कौर बराड़ ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना पहला सीनियर अंतर्राष्ट्रीय पदक जीता, वहीं पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर टूर्नामेंट में सोमवार को 22 हिट्स के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं।

निशानेबाजी फाइनल में सिमरनप्रीत ने 33 हिट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की सुन यूजिये ने 34 हिट्स के साथ स्वर्ण और याओ कियानशुन ने 29 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन में मनु भाकर ने 585 स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत ने 580 के साथ पांचवां और ईशा सिंह ने 575 के साथ आठवां स्थान हासिल किया। जबकि ईशा सिंह 17 हिट्स के साथ छठे स्थान पर रहीं। सौरभ चौधरी/सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम ने स्वर्ण, सुरुचि सिंह महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण, मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत , सिमरनप्रीत कौर ने महिला 25 मीटर पिस्टल में रजत, रुद्रांक्ष पाटिल/आर्या बोर्से ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम ने रजत, अर्जुन बाबूता ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक और सौरभ चौधरी ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता।

# शुभमन गिल में महान कप्तान के सभी गुण मौजूद: राशिद खान

● गुजरात के कप्तान के रूप में गिल पास साहसिक फैसले लेने का बेहतरीन अनुभव है

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2025 में सोमवार को गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर इस सीजन की अपनी छठी जीत दर्ज की। टीम आठ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। कप्तान शुभमन गिल के 90 रन की बदौलत गुजरात ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में कोल. काता की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। गिल को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। अब गुजरात से खेलने वाले अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने गिल की तारीफ की है और कहा है कि उनमें एक महान कप्तान बनने के सभी गुण हैं। राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है और गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने और साहसिक फैसले लेने का शानदार मौका है। राशिद ने जियो हाटस्टार की खास सीरीज श्जेन गोल्डश में कहा कि एक लीडर के तौर पर गिल का भविष्य बहुत उज्जवल है। केवल एक बल्लेबाज के रूप में ही नहीं बल्कि जिस तरह से वह सोचते हैं और खेल को समझते हैं उसमें भी वह शानदार हैं। राशिद ने कहा कि वह एक योजना के साथ मैच में आते हैं। वह बहुत शांत हैं और जब आप उन्हें मैदान पर देखते हैं, जिस तरह से वह टीम, गेंदबाजों को संभालते हैं तो उनमें एक महान लीडर बनने के सभी गुण हैं। वह इतनी बड़ी लीग में कप्तानी कर रहे हैं और यहां दबाव विश्व कप से भी ज्यादा है। इस 26 वर्षीय लेग स्पिनर ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर यह उनके लिए दबाव में प्रदर्शन करने और साहसिक फैसले लेने का सबसे अच्छा मौका है। साल 2022 में हार्दिक पांडडा के अस्वस्थ होने पर कुछ समय के लिए गुजरात की कप्तानी करने के अपने अनुभव के बारे में राशिद ने कहा कि इससे उन्हें एक लीडर के तौर पर विकसित होने में मदद मिली और इससे उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने में भी मदद मिली।उन्होंने कहा कि यह एक सपना सच होने जैसा था। उस अनुभव ने मुझे आगे बढ़ने में मदद की, न केवल लीग में बल्कि तब भी जब मैं अफगानिस्तान का नेतृत्व करने के लिए वापस लौटा। मैंने अलग तरह से सोचना शुरू किया। राशिद ने कहा कि चार-पांच साल पहले की तुलना में मेरी मानसिकता में बदलाव आया है। कप्तानी के उस दौर ने मेरी मदद की और 2024 (टी-20 विश्व कप) में अफगानिस्तान के सेमीफाइनल तक पहुंचने में भूमिका निभाई।

## घरेलू हिंसा के लिए माइकल स्लेटर को चार साल जेल की सजा

**सिडनी, वार्ता।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को घरेलू हिंसा सहित कई मामलों में चार वर्ष के जेल की सजा सुनाई गई है, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय तक जेल में रहने के कारण उनकी सजा निलंबित कर दिया गया हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्लेटर को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और जमानत नहीं मिलने के कारण वह तब से जेल में थे। 55 वर्षीय स्लेटर को पीछा करने, एक महिला का गला दबाने और चोरी करने के मामलों सहित सात आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद मंगलवार को मारूचीडोर जिला न्यायालय के जज ग्लेन कैश ने चार वर्ष की सजा सुनाई। स्लेटर की सजा का शेष भाग पांच साल के लिए आंशिक रूप से निलंबित रहेगा। इस दौरान अगर वह कोई और गंभीर अपराध करता है तो उसे फिर से हिरासत में लिया जायेगा।



## नजमुल शान्तो ने बांग्लादेश की पारी को संभाला

**सिलहट, वार्ता।** कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 60), मोमिनुल हक (47) और जाकेर अली (नाबाद 21) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मंगलवार को जिम्ब्बावे के खिलाफ दूसरी पारी में स्टंप के समय चार विकेट पर 194 रन बना लिए है।

बांग्लादेश ने कल के एक विकेट पर 57 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 20वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने महमुदुल हसन जॉय (33) को आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई। 35वें ओवर में विक्टर न्याउचीने मोमिनुल हक (47) को आउट कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। बांग्लादेश का चौथा विकेट मुशफिकुर रहीम (चार) के रूप में गिरा। उन्हें भी मुजारबानी ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने चार विकेट पर 194 रन बना लिए थे, नजमुल शान्तो (नाबाद 60) और (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद थे।

# लखनऊ ने दिल्ली को दिया 160 रनों का लक्ष्य

● दिल्ली कैपिटल्स का पहला विकेट गिरा, मारक्रम ने करुण को बोल्ड किया

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल के 40वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए।

ऐडन मार्करम ने 52, मिचेल मार्श ने 45 और आयुष बडोनी ने 36 रन बनाए। दिल्ली से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स ने 3.4 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 36 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक पोरेल और केएल राहुल पिच पर हैं। ऐडन मार्करम ने करुण नायर को बोल्ड किया। दिल्ली कैपिटल्स से अभिषेक पोरेल और करुण नायर ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने पहले ओवर में 15 रन बनाए। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने यह ओवर फेंका। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। इसी के साथ लखनऊ टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। 20वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मुक. ेश कुमार ने यार्कर फेंकी। आयुष बडोनी आफ स्टंप की ओर शफल कर शाट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। बडोनी ने 36 रन बनाए। लखनऊ ने 14वें ओवर में 2 विकेट गंवाए। ओवर की दूसरी बाल मुकेश कुमार ने शार्ट पिच फेंकी। अब्दुल समद ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन मुकेश कुमार को ही कैच दे बैठे। वे 2 ही रन बना सके। मुकेश ने फिर ओवर की आखिरी गेंद यार्कर फेंकी और मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिया। मार्श ने 45 रन बनाए। 12वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी बाल मिचेल स्टार्क ने शार्ट पिच फेंकी। निकोलस पूरन पुल करने गए, लेकिन बाल उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। पूरन ने 9 रन बनाए। 10वें ओवर में लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल दुष्मंथा चमीरा ने गुड लेंथ पर फेंकी, ऐडन मार्करम ने कवर्स की ओर शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच हो गए। मार्करम ने 52 रन बनाए। उन्होंने मिचेल मार्श के साथ 87 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। ऐडन मार्करम ने 30 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 9वें ओवर की आखिरी गेंद पर मिचेल स्टार्क के खिलाफ 2 रन लिए और हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। लखनऊ से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श ने पावरप्ले में टीम का कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने 6 ओवर के बाद 51 रन बना लिए टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी लखनऊ सुपरजायंट्स ने पहले ओवर में 3 रन बनाए। टीम से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श पिच पर हैं। दिल्ली से अक्षर पटेल ने पहला ओवर फेंका।

## लेडी श्री राम कॉलेज की पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल में विजयी शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** लेडी श्री राम कॉलेज और रामजस कॉलेज ने पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच एंड एयरफोर्स वेटेरियन प्रदीप तोमर और मेजबान गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के लप्रसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। महिला वर्ग में लेडी श्री राम कॉलेज ने किरोड़ी मल को 38.28 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की अन्वी को मिला। वहीं एक अन्य मैच में रामजस कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 39.28 से हराया और रामजस कॉलेज की अनीका को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन पुरुष वर्ग में मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने किरोड़ी मल कॉलेज को 7-0 से हराया।


# सम्पादकीय

बुधवार, 23 अप्रैल 2025

## दुबे पर सुनवाई

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले हफ्ते सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। इसकी अभी तारीख तय नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दुबे के खिलाफ कई याचिका दायर की गई है। निशिकांत दुबे अपने 19 अप्रैल को दिए गए अपने बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने हुए है। जिसमें उन्होंने कहां था कि देश में गृहयुद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के आठ अप्रैल को दिए एक आदेश को लेकर आई थी। जिसमें उसने कहा था कि किसी भी बिल पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। उनके बाद से कई याचिकाएं दुबे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। 20 अप्रैल को पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और मांग की कि उनके बयानों को अपराधिक दायरे में लाया जाए। उनसे पहले सुप्रीम कोर्ट के वकील नरेंद्र मिश्रा ने लेटर पिटिशन दायर कर आवमानना कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया था। इन दोनों के अलावा सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर और शिव कुमार त्रिपाठी ने अटार्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर अपराधिक आवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी थी। निशिकांत दुबे ने जो बयान दिया है वह कोई पहली बार नहीं है सच तो यह है कि वह अपने विवादित बयानों को लेकर ही अधिक जाने जाते है, लेकिन ताजा मामले में व अपनी हदों से कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए है और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश को ही अपने निशाने पर ले लिया है। भले ही भाजपा दुबे के बयानों से अपने आप को अलग बता रही है और यह उनका व्यक्तिगत बयान बताकर पल्ला झाड़ रही है, लेकिन इससे कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। बात केवल निशिकांत दुबे की नहीं है बल्कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करने में पीछे नहीं रहे है। संवभतः यह भारत के इतिहास में पहला अवसर होगा जब संविधान के उच्च पद पर बैठे व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट पर ऐसी टिप्पणी की है। जाहिर है इस तरह कि टिप्पणी एकाएक नहीं की जा सकती और यह एक सोची समझी निति का नतीजा लगता है। तभी तो निशिकांत दुबे के बचाव में भाजपा के कई नेता खुलेआम उतरते दिखाई दे रहे है। सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले से बेहद आहत दिखाई दे रहा है। वह कितना आहत है इसका अनदाजा उस याचिका पर सुनवाई से लगता है। जो वकील विष्णु हरि जैन ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की जिसमें वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने कहां कि हम भला राष्ट्रपति को आदेश कैसे दे सकते है। हम पर तो पहले ही यह आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के मामले में दखल दे रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कोर्ट के फैसलों की आलोचना नहीं कि जा सकती है बेशक की जा सकती है। लेकिन उसकी एक मर्यादा तो होनी ही चाहिए।

### लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका



किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका होती है और वे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने इच्छा व्यक्त करते हैं, मेरे अनुसार नागरिक सर्वोच्च है, क्योंकि एक राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों द्वारा ही निर्मित होते हैं, उनमें से प्रत्येक की अपनी भूमिका है, लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में निवास करती है और धड़कती है, जब नागरिक सजग होगा, योगदान देगा, तो लोकतंत्र खिलेगा, इसके मूल्य बढ़ेंगे और नागरिक जो योगदान देता है, उसका कोई विकल्प नहीं है, संविधान का सार और महत्व संविधान की प्रस्तावना में समाहित है, संविधान के अनुसार हम, भारत के लोग सर्वोच्च शक्ति उनके पास है।

**जगदीप धनखड़**
**उप राष्ट्रपति**

# फसलों में लगी आगः किसान की मेहनत पर फिरता पानी





**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**2024 में पंजाब के बरनाला जिले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे**

हर साल हजारों एकड़ फसल आग में जलकर राख हो जाती है, जिससे किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीवन प्रभावित होते हैं। आग के मुख्य कारणों में बिजली की लचर व्यवस्था, मानवीय लापरवाही, आपसी दुश्मनी और जलवायु कारण शामिल हैं। सरकारी मुआवज़ा योजनाएं और फसल बीमा प्रक्रियाएं इतनी जटिल और असंवे. दनशील हैं कि पीड़ित किसान को राहत नहीं, बल्कि और मानसिक पीड़ा मिलती है। लेख में तकनीक आधारित समाधान जैसे थर्मल सेंसर, फायर ब्रिगेड यूनिट, बिजली व्यवस्था का आधुनिकीकरण और किसानों की जागरूकता पर ज़ोर दिया गया है। फसल की आग केवल खेत नहीं जलाती, यह देश की खाद्य सुरक्षा और सामाजिक संरचना को भी राख कर देती है। समय रहते नीतिगत और तकनीकी हस्तक्षेप बेहद आवश्यक हैं।

हर साल जब रबी की फसल खेतों में सुनहरे रंग बिखेरती है और किसान की आंखों में सालभर की मेहनत की चमक उतरती है, तभी कहीं किसी गांव से धुएं का काला गुबार उठता है। फसल में लगी आग का। यह आग सिर्फ खेत को नहीं जलाती, यह किसान की आत्मा को भस्म कर देती है। भारत के ग्रामीण परिदृश्य में यह कोई नई घटना नहीं, बल्कि एक भीषण और बढ़ती हुई समस्या है जो नीतियों की लाचारी, तकनीकी उपेक्षा और प्रशासनिक सुस्ती की जिंदा मिसाल बन चुकी है।

### आंकड़ों की सच्चाई और जमीनी हकीकत

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, भारत में हर साल हज़ारों एकड़ की फसल आग की भेंट चढ़ जाती है। अकेले उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में अप्रैल से जून के बीच सैकड़ों घटनाएं सामने आती हैं। 2024 में पंजाब के बरनाला ज़िले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे। पर इन आंकड़ों के पीछे जो दर्द है, वह किसी सरकारी प्रेस रिलीज़ में दर्ज नहीं होता। किसान महीनों तक खेत में सुबह-शाम खटता है, उधारी में बीज, खाद, पानी और मजदूरी का इंतज़ाम करता है, और जब फसल तैयार होती है, तो एक चिंगारी सब खत्म कर देती है।

### आग के कारणः चिंगारी कहां से आती है?

फसलों में आग लगने के कई कारण हैं। ग्रामीण इलाकों में बिजली वितरण प्रणाली इतनी जर्जर है कि खुले खेतों में तारों का गिरना आम बात है। गर्मियों में बढ़ा हुआ लोड और पुराने ट्रांसफार्मर शॉर्ट सर्किट को बढ़ावा देते हैं। खेतों के पास कूड़ा जलाना, बीड़ी-सिगरेट फेंकना, या आग से सूखी झाड़ियों की सफाई करना एक चिंगारी को आग में बदल देता है। कई बार आपसी दुश्मनी या जमीन के झगड़ों में जानबूझकर फसलों को आग लगा दी जाती है। अत्यधिक तापमान, तेज़ हवाएं और सूखी फसलें आग को तेजी से फैलाने में सहायक बनती हैं।

### किसान के दिल की आग

बात सिर्फ मुआवज़े की नहीं है। जब कोई किसान देखता है कि उसका खेत, उसकी मेहनत, उसकी उम्मीदें जल रही हैं, तो वह भीतर से टूट जाता है। कई किसानों की आत्महत्याएं इसी आग के बाद दर्ज हुई हैं। हरियाणा के कैथल ज़िले में 2023 में एक किसान ने अपने खेत में आग लगने के बाद आत्महत्या कर ली थी। मुआवज़ा 10 हज़ार रुपए आया, पर घर में खाने को रोटी नहीं थी।

### सरकार की नीतियांः राहत या औपचारिकता?

सरकारी मुआवज़ा योजनाएं खेत की जली भूमि के अनुसार तय होती हैं। लेकिन जमीन का निरीक्षण पटवारी और तहसीलदार करते हैं, जो अक्सर हफ्तों बाद आते हैं। छोटे किसानों को 4-5 हज़ार रुपये प्रति एकड़ मिलते हैं, वह भी महीनों बाद। फसल बीमा योजनाएं भी अधिकतर कागज़ी हैं। कई किसान न तो पॉलिसी की शर्तें समझते हैं और न ही दावे की प्रक्रिया। बीमा कंपनियां मौसम का डेटा दिखाकर दावा खारिज कर देती हैं। 'आग तो मौसम का हिस्सा नहीं थी।'

### समाधान क्या है?

अब वक्त है कि हम 'राहत' की बजाय 'रोकथाम' की बात करें। आधुनिक तकनीक जैसे थर्मल सेंसर, ड्रोन निगरानी और अलार्म सिस्टम फसलों में आग का पता समय रहते लगा सकते हैं। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मोबाइल दमकल गाड़ियां और गांव स्तर पर स्वयंसेवी अग्निशमन दल गठित किए जाने चाहिए। खेतों में जाने वाली बिजली लाइनों को भूमिगत करना या उनके नियमित रखरखाव की जवाबदेही तय करनी चाहिए।

खेतों के पास आग से संबंधित कार्य न करने, कूड़ा जलाने की रोकथाम और फायर सेफ्टी प्रशिक्षण बेहद ज़रूरी है। जिन मामलों में साजिश या शरारत शामिल हो, वहां पुलिस तुरंत संज्ञान ले और मुकदमा दर्ज हो। फसल बीमा को आधार और मोबाइल से जोड़कर दावा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए।

### मीडिया की भूमिकाः धुएं से परे देखना

मीडिया जब किसी फसल में आग की खबर दिखाता है, तो अक्सर दृश्यात्मक सनसनी होती है जलते खेत, रोता किसान। लेकिन इसके बाद क्या? क्या कभी किसी चैनल ने यह दिखाया कि मुआवज़ा मिला या नहीं? पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया या नहीं? दोषी पकड़ा गया या मामला ठंडे बस्ते में चला गया? फसलों में लगती आग कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, यह एक व्यवस्थागत विफलता है। और इस विफलता की जिम्मेदारी सिर्फ किसान पर नहीं, पूरे समाज पर है।

### जो खेत जल रहे हैं, वह देश की थाली हैं

जब खेत जलता है, तो केवल किसान का नुकसान नहीं होता, वह पूरे देश की खाद्य सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह आग उस थाली में पहुंचने से पहले ही अनाज को राख कर देती है। ज़रूरत इस बात की है कि हम किसान को सिर्फ 'अन्नदाता' न कहें, बल्कि उसे सुरक्षा, सम्मान और तकनीक के संसाधन भी दें। फसलों में लगती आग अब चेतावनी है।

# फैशनः फटी जींस मकसद और संदेश...





**निर्मल रानी**

**कुछ फैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित जरूर हो जाता है, हालांकि ऐसा फैशन करने वालों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं, न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फैशन कैसा लग रहा है**

वैसे तो विश्व में तरह तरह के फ़ैशन प्रचलित हैं। अनेक फ़ैशन लोगों के शरीर व व्यक्तित्व पर भाते भी हैं। किसी को किसी का फ़ैशन अच्छा लगे या बुरा परन्तु किसी भी फ़ैशन को अपनाने वाले का निजी मामला व उसका अधिकार समझते हुए कोई अन्य व्यक्ति न तो कुछ बोलता टोकता है न ही आपत्ति करता है। और करना भी नहीं चाहिए। परन्तु कुछ फ़ैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित ज़रूर हो जाता है। हालांकि ऐसा फ़ैशन करने वालों को इस बात से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फ़ैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं। न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फ़ैशन कैसा लग रहा है। उसका मक़सद तो बस फ़िल्मी हीरो हीरोइन की ड्रेसेज़ की नक़ल कर व ट्रेंड कर रहे फ़ैशन की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं को 'फ़ैशनेबल' साबित करना मात्र है।

ऐसा ही एक अजीबो ग़रीब फ़ैशन गत लगभग दो दशक से भारत ही नहीं बल्कि लगभग पूरी दुनिया में श्वायरल फ़ैशन की तरह पैर पसार चुका है। और वह है 'फटी जीन' अथवा रिप्ड जीन का फ़ैशन। चूंकि 1970 से पहले जींस मंहगी हुआ करती थी और ग़रीब लोग नई जीन न ख़रीद पाने के चलते मजबूरीवश फटी जीन पहना करते थे। उस ज़माने में फटी जींस पहनना ग़रीब होने की निशानी होती थी। और 1970 के दशक में ही फटी जींस का चलन हॉलीवुड सिनेमा से प्रारंभ हो गया था जो भारत में वालीवुड के माध्यम से बाद में आया। परन्तु गत दो दशक से तो इस फ़ैशन ने युवाओं व युवतियों के बीच कुछ ज्यादा ही ज़ोर पकड़ लिया है। नई जीन की पैंट को हाथों या लेजर के मदद से इसे फेंट फेंट कर फाड़ा जाता है। इस क्रिया के बाद फटी हुई जीन और भी महंगी हो जाती है। फटी या रिप्ड जीन स्किन फ़िट, स्लिम फ़िट, टेपर्ड, रेगुलर फ़िट, और रिलैक्स्ड फ़िट आदि मॉडल की पैंट्स में उपलब्ध होती है। इन्हीं डेनिम में एक एक्सट्रीम कट हाई रेज़ जींस भी होती है जिसका आगे व पीछे दोनों ओर का 80-90 प्रतिशत भाग ग़ायब होता है। यह सबसे मंहगी अर्थात ब्रांड के अनुसार 30-40 व 50 हज़ार रुपये तक भी मिलती है। कुछ लोग ऐसी जीन पहन कर अपने आप को एक अनोखा लुक देना चाहते हैं। इस फ़ैशन का क़द्रदानों के अनुसार यह उन्हें एक अनूठा और स्टाइलिश लुक देती है। जबकि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो ऐसे फ़ैशन को अनुचित व बेहूदा समझता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस यह अजीबो ग़रीब पहनावा फ़ैशन कैसे बन गया और बना भी तो यह फ़ैशन ट्रेंड कैसे कर गया? सच पूछिये तो फटी जीन धारण करने वाला इसे पहनने के सिवा स्वयं ही इस अनर्गल फ़ैशन की तार्किकता इसके मक़सद और संदेश के बारे में नहीं जानता।

# गणतंत्र बचाने की अपील की नौबत क्यों आई





**यशोदा श्रीवास्तव**

**2008 से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्तारूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं, नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, महंगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा महंगाई बेरोजगारी आदि को लेकर जूझ रहे हैं**

नेपाल में तेजी से घटित राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भले ही गणतंत्र समर्थक दल एक हो रहे हों लेकिन तमाम ऐसे सवाल मुंह बाए खड़े हैं जिसका जवाब लोकतंत्र बहाली के बाद से लेकर आज तक की सरकार के पास नहीं है। हैरत है 2008 से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्ता रूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं। नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, मंहगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े, नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा मंहगाई, बेरोजगारी और पड़ोसी देशों से तनाव पूर्ण रिश्तों को लेकर जूझ रहा है। इस ओर ओली सरकार का ध्यान नहीं है। प्रमुख माओवादी नेता प्रचंड के नेतृत्व में पहली लोकतान्त्रिक सरकार हो या आज की ओली सरकार, सबके सब जोड़ तोड़ कर किसी तरह सत्ता बचाए रखने की गुणा गणित में ही व्यस्त रहे।

यह अचरज ही है कि दुनिया में जहां कहीं भी राजतंत्र के बाद लोकतंत्र का उदय हुआ वहां दिन प्रतिदिन लोकतंत्र मजबूत ही हुआ लेकिन नेपाल में ऐसा नहीं हो रहा। किसी को गद्दी से उतार कर चुनी हुई सरकार का गठन ही लोकतंत्र नहीं होता। लोकतंत्र का मतलब लोकहित है, जो नेपाल में नहीं है। जनता पुनः राजतंत्र के समर्थन में न हो लेकिन लोकतांत्रिक सरकारों से खुश नहीं है। वह आक्रोशित हैं और तीसरे विकल्प की तलाश में भी है। नेपाली कांग्रेस जो राजतंत्र के जमाने से ही सत्ता की प्रमुख केन्द्र बिन्दु रही, वह भी अब कुंद पड़ गई है। इसके तमाम बड़े नेता गंभीर आपराधिक मुकदमों में फंसे हुए हैं। कोइराला परिवार के हाथ में जबतक इस पार्टी का कमान था तब तक विश्व के राजनीतिक फलक पर नेपाली कांग्रेस की अलग हैसियत थी। अब इस पार्टी का इकबाल पहले जैसा नहीं रहा। कभी भरोसे की पार्टी की पहचान वाली यह पार्टी जनता का विश्वास खोती जा रही है। इस पार्टी की औकात बस यही है कि यह किसी को समर्थन देकर सरकार बनवा सकती है और समर्थन वापस लेकर सरकार गिरा सकती है। पिछले कुछ सालों से नेपाली कांग्रेस की शिनाख्त नेपाल की राजनीति में इसी रूप में है।

एक नहीं तीन तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके प्रचंड और ओली भी जनविश्वास पर खरा नहीं उतरे। ऐसे में नेपाल प्रतिनिधि सभा में (संसद) सात आठ सांसदों वाली पार्टी राप्रपा खुद को विकल्प के रूप में खड़ा होने की कोशिश कर रही है। नेपाल की इस हिंदूवादी पार्टी की हालत अभी शिशु जैसी ही है ऐसे में नेपाली जनता का इसे विकल्प के रूप स्वीकार करना संभव नहीं जान पड़ता। खुद को राजा समर्थक पार्टी का दावा करने वाली राप्रपा ने नेपाल के बहुसंख्यक हिन्दुओं का समर्थन जुटाने के लिए पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के नाम का सहारा लिया। नेपाल में जगह जगह उनके समर्थन में रैलियां निकाली गई, पोखरा से लेकर काठमांडू तक उनका भव्य स्वागत किया गया। यह सब इस अंदाज में किया गया मानो राजतंत्र की वापसी हो रही हो। लेकिन हाल ही नववर्ष के अवसर अपने आवास पर मिलने गए राप्रपा अध्यक्ष राज. ेंद्र लिंगदेन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से ज्ञानेंद्र ने राप्रपा की कार्यशैली पर एतराज़ जताया और यह भी कहा कि किसी भी आंदोलन में उनके नाम का इस्तेमाल न हो। हां पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने राप्रपा नेताओं को नेपाल के जनहित के मुद्दों पर फोकस करने को जरूर कहा। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार से जनता त्रस्त है, सरकार की विफलता को जनता के बीच उठाएं। इधर राजतंत्र की वापसी पर नेपाल के बुद्धिजीवी और मीडिया की भी प्रतिक्रिया आई है। नेपाल के सबसे बड़े दैनिक अखबार कांतिपुर के संपादक उमेश चौहान ने साफ कहा है कि सरोकार से जनता नाराज हैं लेकिन इसे राजतंत्र की वापसी की दृष्टि से न देखा जाय। इस बीच अचानक नेपाल के तीन प्रमुख गणतंत्र समर्थक दलों के शीर्ष नेताओं की लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता से एकजुट होने की अपील को नेपाल की राजनीति में महत्वपूर्ण दृष्टि से देखा जा रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री निवास बालुवाटार में आयोजित बैठक में एमाले, माओवादी केंद्र तथा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष क्रमशः केपी शर्मा ओली, पुष्पकमल दाहाल 'प्रचण्ड' और शेरबहादुर देउबा ने गणतंत्र के पक्ष में खड़ी सभी शक्तियों से एकजुट होने की आवश्यकता पर सहमति जताई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री के मानवाधिकार तथा संक्रमणकालीन न्याय मामलों के सलाहकार अग्नि खरेल ने बताया कि संविधान का उल्लंघन करने और सामाजिक अराजकता फैला कर देश की शांति एवं स्थिरता को बाधित करने वाली शक्तियों के प्रति सचेत रहते हुए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों समेत गणतंत्रवादी शक्तियों को एक मंच पर आने की आवश्यकता है। ओली सरकार का मानना है कि हिंदूवादी संगठनों के साथ मिलकर राप्रपा ने पिछले दिनों धरना प्रदर्शन कर काठमांडू में अशांति पैदा की थी। इस पार्टी के तीन बड़े नेता गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए गए हैं। पिछले दिनों इनकी रिहाई की मांग को लेकर भी इस पार्टी ने काठमांडू में प्रदर्शन किया था। ओली सरकार यह मानकर चल रही है आगे भी ये लोग लोकतंत्र को छिन्न-भिन्न करने का खेल खेलते रहेंगे इसलिए लोकतंत्र समर्थकों की एक जुटता जरूरी है।

# बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए फायदेमंद होता है मेसो बोटोक्स

### ढलती उम्र पर लग जाता है फुलस्टॉप

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो बढ़ती उम्र में भी एकदम जवां दिखती हैं और उनकी स्किन भी यंग लगती है। फिर भले ही वह कितना भी कहें कि उनकी यंग स्किन के पीछे का राज अच्छा खानपान है। जबकि यह पूरी तरह से सच नहीं होता है। अभिनेत्रियां यंग दिखने के लिए बोटोक्स ट्रीटमेंट लेती हैं। लेकिन बहुत कम लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है कि आखिर बोटोक्स और मेसो बोटोक्स में क्या अंतर है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेसो बोटोक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि यह किस तरह से काम करता है।

### मेसो बोटोक्स का काम

अगर आप भी मेसो बोटोक्स कराने की सोच रहे हैं, तो इससे पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर यह किस काम आता है। मेसो बोटोक्स एक ऐसा प्रोसेस है, जिसके जरिए बढ़ती उम्र के लक्षणों को छिपाया जाता है। अगर आपके चेहरे और आंखों के आसपास फाइन लाइन्स और झुर्रियां आदि हैं। तो आप मेसो बोटोक्स की मदद ले सकते हैं। इसके इस्तेमाल रोमछिद्रों के आकार को कम करने, तेल उत्पादन को कंट्रोल करने और फेस पर पसीना कम करने के लिए किया जाता है।

### कैसे करता ये काम

मेसो बोटोक्स में चेहरे के खास हिस्सों पर हायलूरोनिक एसिड के साथ पतले बोटुलिनम टॉक्सिन का इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रीटमेंट में माइक्रो नीडल का उपयोग किया जाता है। आमतौर पर मेसो बोटोक्स का इस्तेमाल आंखों के नीचे झुर्रियां, माथे की बारीक झुर्रियां, मुंह का दबा हुआ कोण, नासोलैबियल फोल्ड, गर्दन और हाथ की झुर्रियों को हटाने में मदद किया जाता है।

### बोटोक्स से होता है अलग

बोटोक्स और मेसो बोटोक्स एक जैसे नहीं होते हैं। दोनों में काफी फर्क होता है। बोटोक्स का इंजेक्शन सीधे मांसपेशियों में लगाया जाता है। वहीं मेसो बोटोक्स का इंजेक्शन स्किन की सतह पर लगाया जाता है। मेसो बोटोक्स में कम मात्रा में बोटुलिनम पाया जाता है। जबकि बोटोक्स में बोटुलिनम का पर्याप्त इस्तेमाल किया जाता है।

### जानिए इसका नुकसान

अगर आप भी मेसो बोटोक्स लेने का सोच रही हैं, तो किसी अच्छे स्किन एक्सपर्ट की सलाह लें।

# ट्रम्प का विरोध बरकरार, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने भी ठोका मुकदमा

## यूनिवर्सिटी की 2.2 अरब डॉलर की फंडिंग पर अमेरिकी सरकार ने लगाई थी रोक



**वाशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यूनिवर्सिटी ने आरोप लगाया है कि ट्रम्प सरकार यूनिवर्सिटी पर राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही विश्व. विद्यालय से यह भी मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रो. कनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमे. रिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कालरशिप और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। यूनिवर्सिटी में फलस्तीनी झंडा फहराया था गाजा में जारी इजरायल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुता. बिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फलस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पालिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी।

## ईरान-अमेरिका वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता का खंडन

**तेहरान।** तेहरान ने ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने यह जानकारी दी है।

बाकेई ने कहा कि यह सब मीडिया में चल रही अफवाहें और अटकलें हैं जो वास्तविकता से मेल नहीं खाती। उन्होंने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही जिनमें आरोप लगाया गया है कि सऊदी अरब ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रियाद की आगामी यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक की व्यवस्था करना है।

## पाक के पंजाब में पुलिस अभियान में मारे गए 10 आतंकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में एक संयुक्त सुरक्षा अभियान में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि मियांवाली जिले के मकरवाल इलाके में खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया गया, जहां आतंकवादियों और कानून प्रवर्तन कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

बयान में कहा गया है कि पंजाब पुलिस और आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में 10 से अधिक आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों की गोलीबारी में एक स्थानीय निवासी के पैर में चोट लग गई और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बयान के अनुसार, अभियान के दौरान कोई भी पुलिस या सीटीडी कर्मी घायल नही हुआ। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने सफल ऑपरेशन के लिए मियांवाली पुलिस और सीटीडी टीमों को बधाई दी और कहा कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए किसी भी खतरे को विफल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## भारत पहुंचते ही गदगद हुआ अमेरिकी उपराष्ट्रपति का परिवार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कल यानी सोमवार को 4 दिन की भारत यात्रा पर पहुंचे। उनका प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल भी भारत आए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। इसके बाद वेंस परिवार दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गया और वहां करीब 1 घंटे रुका। वेंस करीब 6:30 बजे पीएम से मिलने 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे, जहां पीएम ने उन्हें रिसीव किया। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस की पहली आधिकारिक भारत यात्रा है।

## हूती हमलों का कड़ा जवाब देंगे नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यमन के हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा। नेतन्याहू ने तेल अवीव में एक सार्वजनिक भाषण के दौरान यह धमकी दी, जिसमें उन्होंने हूतियों और उन सभी लोगों को संबोधित किया जिससे इजरायल को नुकसान पहुंचा है,उन्होंने कसम खाई और कहा कि इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नही जाएगा। इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जवाब किस रूप में दिया जाएगा, लेकिन कहा कि इजरायल अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यमन में हूती, जो इजरायल पर गोलीबारी करते रहते हैं, पहले ही इजरायल और अमेरिकी सहयोगियों से भारी हमले झेल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यमन स्थित हूती बलों ने इजरायल की ओर दर्जनों लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए हैं और अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से लाल सागर में इजरायल से जुड़े शि. पिग को निशाना बनाया है, ताकि इजरायल की बमबारी के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाई जा सके।

## अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेट्री का हैंडबैग चोरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम का हैंडबैग रविवार को एक रेस्टोरेंट में चोरी हो गया। उनके बैग में सिक्योरिटी बैज और 3000 डालर नकद (2.55 लाख रुपये) थे। इसके अलावा हैंडबैग में उनका ड्राइविंग लाइसेंस, दवाइयां, अपार्टमेंट की चाबियां और खाली चेक भी थे। होमलैंड डिपार्टमेंट ने बताया कि नोएम का पूरा परिवार ईस्टर के मौके पर उनके साथ। वह कैश का इस्तेमाल अपने परिवार के साथ डिनर और गिफ्ट खरीदने के लिए कर रही थीं। अमेरिका का होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट एक फेडरल एग्जीक्यूटिव आफिस है।

## बदल रहे हैं भारत और भारतीय महिलाएं: निर्मला



**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे बोस्टन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए दिए गए बयान का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिया जवाब

पर कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को छह महीने तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले, हम एक योजना लेकर आए थे, जिसके तहत हमने महिलाओं द्वारा जमा की गई जमाराशियों पर ब्याज दरों को बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया था, ताकि महिलाओं को अपनी बचत को घर पर नकदी के रूप में रखने के बजाय बैंकों में रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीकरण में कर रियायतें हैं। पोषण योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत, पक्के घरों का पंजीकरण या तो महिला के नाम पर या पुरुष सदस्य के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है।

## विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन

**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनने की भारत की यात्रा केवल एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि महामारी के झटके और बैंकिंग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी बातों तथा स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा देती है।

## नासा व स्पेसएक्स का मिशन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) और स्पेसएक्स ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक नया वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति सेवा मिशन शुरू किया। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से पूर्वी समयानुसार सुबह 4:15 बजे उड़ान भरी। यह मंगलवार को पूर्वी समयानुसार सुबह लगभग 8:20 बजे आईएसएस के साथ स्वायत्त रूप से डॉक करने वाला है। यह मिशन परिक्रमा करने वाली प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा। नासा के अनुसार स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में दृष्टि-आधारित नेविगेशन, अंतरिक्ष यान की वायु गुणवत्ता, दवा और उत्पाद निर्माण के लिए सामग्री और प्रकाश संश्लेषण पर कम निर्भरता के साथ पौधों की वृद्धि को आगे बढ़ाने पर केंद्रित प्रयोग हैं। यह प्रक्षेपण स्पेसएक्स के साथ साझेदारी में किए गए नासा के 32वें वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति मिशन को चिन्हित करता है।

### दक्षिण कोरिया ने चौथे जासूसी उपग्रह कक्षा में प्रक्षेपित किया

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से अपने पांच सैन्य टोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। देश के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानक. ारी दी। इस उपग्रह को सोमवार को केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने उड़ान भरने के 15 मिनट बाद उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। बाद में उपग्रह ने एक ग्राउंड स्टेशन से संपर्क स्थापित किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चौथे सैन्य टोही उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने हमारे सशस्त्र बलों की स्वतंत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को और मजबूत किया है। तीन उपग्रहों के पिछले सफल प्रक्षेपणों के साथ दक्षिण कोरियाई सेना अब उन्हें एक समूह के रूप में संचालित कर सकती है।

## मैक्सिकन राष्ट्रपति ने खारिज किया अमेरिका का अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने सोमवार को अमेरिकी सरकार द्वारा बनाए गए और निजी स्वामित्व वाले मैक्सिकन टेलीविजन स्टेशनों द्वारा प्रसारित अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान की आलोचना की। राष्ट्रपति ने अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विज्ञापन की निंदा करते हुए कहा कि इसमें अत्यधिक भेदभावपूर्ण सामग्री है, और मानवीय गरिमा पर हमला करता है और प्रवासियों के खिलाफ अस्वीकृति और हिसा को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने औपचारिक रूप से इसे वापस लेने का अनुरोध किया है, उन्होंने कहा कि मैक्सिकन संविधान कि भेदभाव के किसी भी कार्य या अभ्यास को प्रतिबंधित करता है, और संघीय दूरसंचार कानून यह निर्धारित करता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ढांचे के भीतर प्रसारित प्रोग्रामिंग को कलात्मक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और मानवाधिकारों के सम्मान के प्रसार को बढ़ावा देना चाहिए।

## 23 लोगों की जान लेने वाले को मिला आजीवन कारावास

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के एल पासो में वॉलमार्ट में हिस्पैनिक प्रवासियों को निशाना बनाकर वर्ष 2019 में किए गए हमले में 23 लोगों की हत्या करने वाले पैट्रिक क्रूसियस को में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रांतीय अदालत ने सोमवार को यह सजा सुनाई। एल पासो के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेम्स मोंटोया के कार्यालय ने पिछले महीने क्रूसियस को मौत की सजा से बचने के लिए यह दलील देने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से फांसी के पक्ष में थे, लेकिन इससे ट्रायल में और देरी होती, जबकि अधिकतर पीड़ित परिवार मामले को बन्द करना चाहते हैं। गौरतलब है कि 2019 में अमे. रिका के सबसे भीषण हमलों में से एक को अंजाम देने वाले क्रूसियस को 2023 में फेडरल ट्रायल में 90 बार उम्रकैद की सजा मिली थी। उसने गुनाह कबूल कर लिया था।

## कनाडा में पहली बार 4 गुजराती चुनावी मैदान में



पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के टिकट पर ब्रैम्पटन के चिंगकौसी पार्क से चुनाव लड़ रहे जयेशभाई एक बातचीत में कहते हैं कि कनाडा में शुरुआती दिन हर किसी के लिए संघर्षपूर्ण होते हैं। मैंने तीन साल तक छोटे-मोटे काम किए। इसके बाद स्टोर पार्टनर के तौर पर काम किया।

### कनाडा में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही साजिश!

**अहमदाबाद।** कनाडा में चुनाव आमतौर पर अक्टूबर में होते हैं, लेकिन इस साल इनकी घोषणा पहले ही कर दी गई और मतदान 28 अप्रैल को है। कनाडा में दो मुख्य पार्टियां हैं, जिनमें लिबरल पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी शामिल हैं। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो लिबरल पार्टी से थे। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव में भाग ले रहे हैं। अब जब गुजराती कनाडाई संसद में अपनी आवाज उठाना चाहते हैं, तो दिव्य भास्कर ने इन चार गुजराती उम्मीदवारों जयेशभाई ब्रह्मभट्ट, अशोकभाई पटेल, मिनेशभाई पटेल और सुंजीवभाई रावल से खास बात. चीत की।

इसके अलावा, गुजराती व्यवसाई हेमंतभाई शाह से भी कनाडा में वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में जाना, जो पिछले पांच दशकों से कनाडा में रह रहे हैं। हेमंतभाई कारोबारी हेमंतभाई शाह ने कनाडा की राजनीति में गुजरातियों की एंट्री के बारे में कहा- कनाडा की राजनीति में धन जुटाने में मेरे सहित कई हिंदू-गुजरातियों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इस बार पांच उम्मीदवार खड़े हुए, लेकिन अंतिम समय में डान पटेल का नामांकन वापस ले लिया गया। इससे चार गुजराती चुनाव में खड़े हुए। यह न केवल कनाडा के लिए, बल्कि दुनिया भर के गुजरातियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि गुजराती-हिंदुओं की आवाज कनाडा की संसद तक पहुंचे। इन गुजरातियों से प्रेरित होकर भविष्य में अन्य गुजराती भी आएंगे। हेमंतभाई कनाडा की राजनी. ति में मौजूदा अहम मुद्दे के बारे में हेमंतभाई कहते हैं-अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का मुद्दा कनाडा के लिए भी अहम है। अगर कनाडा में नौकरियों की कमी हो जाएगी तो स्टूडेंट्स क्या करेंगे?

कनाडा में इस समय कंपनियों में छंटनी चल रही है। कनाडा का 81 प्रतिशत निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका को होता है। ओन्टारियो का सारा उद्योग अमेरिका पर निर्भर है, और यदि यह बंद हो जाए तो क्या होगा। गुजराती छात्रों को यह समझना होगा कि वे कनाडा के लिए प्राथमिकता नहीं हैं। मैं अब भी कहता हूं कि छात्रों को अभी कनाडा नहीं आना चाहिए, क्योंकि 10 महीने के भीतर कनाडा के भयानक मंदी में डूबने की आशंका है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108